देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–119 । सागर, मंगलवार 17 जून 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

कई अधिकारियों को थमाए नोटिस, घुवारा सीएमओ और एआरआई निलंबित — पृष्ठ 3

▸ दुनिया में मित्रविहीन क्यों होता जा रहा है भारत?
▸ होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल यातायात पर ईरान क्या करेगा? — पृष्ठ 4

▸ मजदूरों को नहीं मिल रहा गांव में रोजगार, महानगरों की ओर कर रहे पलायन — पृष्ठ 6

मंदिर की जमीनी विवाद को लेकर तनावपूर्ण स्थिति, छावनी में तब्दील खैराई — पृष्ठ 8

## प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस में मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस ने अपना सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से नवाजा है। 23 वर्षों में साइप्रस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस के राष्ट्रपति, निकोस क्रिस्टोडोलाइड्स ने ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस ढ्ढ्ढ्ढ से सम्मानित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मान मिलने के बाद कहा, राष्ट्रपति, ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस ढ्ढ्ढ्ढ के लिए, मैं आपका, साइप्रस सरकार और साइप्रस के लोगों का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। यह सिर्फ नरेंद्र मोदी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह उनकी क्षमताओं और आकांक्षाओं का सम्मान है। यह हमारी संस्कृति, भाईचारे और वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा का सम्मान है। मैं इसे भारत और साइप्रस के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों, हमारे साझा मूल्यों और आपसी समझ के लिए समर्पित करता हूं।।। सभी भारतीयों की ओर से, मैं इस सम्मान को बहुत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करता हूं। यह पुरस्कार शांति, सुरक्षा, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और हमारे लोगों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## मालगाड़ी से निकला धुआं, मचा हड़कंप



**बैतूल, देशबन्धु।** सोमवार सुबह अचानक मालगाड़ी में से धुआं निकलता देख कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। दरअसल, कोयला लेकर महाराष्ट्र के चंद्रपुर से खंडवा जा रही मालगाड़ी के चार डिब्बों में आग लग गई थी। मालगाड़ी को बैतूल रेलवे स्टेशन के आउटर पर रोका गया। घटना की सूचना मिलते ही बैतूल नगरपालिका की दमकल गाड़ी मौके पर पहुंचा और आग बुझाई। रेलवे स्टेशन मास्टर वीके वालदे ने बताया कि मालगाड़ी में कोयला भरा हुआ था। गर्म कोयले में कहीं आग की चिंगारी में रह गई होगी, जिसके कारण चार बोगियों से धुंआ उठ रहा था। आग लगने जैसी कोई घटना नहीं हुई। इसे फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर बुझा दिया। इसके बाद मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना कर दिया है।

## सोनिया की हालत स्थिर, चिकित्सा निगरानी में रखा गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। श्रीमती गांधी को पेट में दर्द की शिकायत के कारण रविवार रात यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि 78 वर्षीय श्रीमती गांधी की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। श्रीमती गांधी की पिछले सप्ताह भी अस्पताल में स्वास्थ्य जांच की गई थी।

## मुंबई के 2 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में पिछले कुछ दिनों से आ रहे धमकी भरे फोन के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर है। स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ मुंबई के देवनार और समतानगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, मुंबई के देवनार स्थित कनाकिया इंटरनेशनल स्कूल और कांदिवली के समतानगर स्थित रायन इंटरनेशनल स्कूल को धमकी भरे ईमेल मिले हैं। मेल भेजने वाले अज्ञात शख्स ने स्कूलों और मुंबई में बम धमाके की धमकी दी है।

## ईपीएफओ ने अनधिकृत एजेंटों से बचने की दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कहा है कि संगठन के पोर्टल पर सभी सेवाएं निशुल्क और सुरक्षित हैं और किसी भी अनधिकृत एजेंट से बचा जाना चाहिए। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सोमवार यहां कहा कि अपने सेवाओं और शिकायतों के लिए अंशधारकों को ईपीएफओ के आधिकारिक पोर्टल का उपयोग करना चाहिए। ईपीएफओ ने केवाईसी या सदस्य विवरण में सुधार तथा स्थानांतरण दावें, पेंशन वितरण प्रक्रिया निशुल्क हैं।

## इजराइल का बड़ा दावा

# तेहरान के आसमान पर अब हमारा कब्जा

- इजरायल और ईरान दोनों ने ही एक दूसरे पर जबरदस्त हमले किए
- ईरान में सैकड़ों की मौत, इजराइल में 24 लोग मारे गए



**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी।** इजरायल और ईरान दोनों ने ही एक दूसरे पर जबरदस्त हमले किए हैं। इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान के कई न्यूक्लियर ठिकानों, मिसाइल लॉन्च सिस्टम्स और एयर डिफेंस को तबाह कर दिया है। तो वहीं, ईरान ने भी इजरायल के तेल अवीव समेत कई बड़े शहरों पर मिसाइल से हमला किया है।

बीते शुक्रवार से जारी जंग के बीच अब इजरायल ने बड़ा ऐलान किया है। इजरायल ने दावा किया है कि उसने ईरान की राजधानी तेहरान के ऊपर हवाई श्रेष्ठता हासिल कर ली है। इसके साथ ही इजरायल ने पश्चिमी ईरान से लेकर राजधानी तेहरान तक के आसमान पर नियंत्रण का दावा किया है। इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। इजरायली सेना ने कहा है कि उसने ईरान के एयर डिफेंस और मिसाइल सिस्टम्स को इस लेवल तक कमजोर कर दिया है कि इजरायली विमान बिना किसी बड़े खतरे का सामना किए तेहरान के ऊपर उड़ान भर सकते हैं। इजरायल का ये हमला 1980 के इराक़ युद्ध के बाद से ईरान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इजरायल के हमले में ईरान के सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है। ईरान के दर्जनों शीर्ष सैन्य अधिकारी और परमाणु वैज्ञानिक मारे जा चुके हैं। अब तक ईरान ने 224 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। इसके अलावा 1,277 लोग घायल बताए जा रहे हैं। ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। सोमवार सुबह ईरानी सेना ने सेंट्रल इजराइल में कई जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं।

### ट्रंप को मारना चाहता है ईरान : नेतन्याहू

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा दावा किया है। नेतन्याहू का कहना है कि ईरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मारने की कोशिश कर चुका है, क्योंकि ट्रंप ने उनकी परमाणु महत्वाकांक्षाओं का कड़ा विरोध किया। नेतन्याहू ने ट्रंप को तेहरान का 'दुश्मन नंबर एक' बताया। इसके साथ ही ईरान पर ट्रंप की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया।

## अधिसूचना जारी

# एक मार्च 2027 तक पूरी होगी जनगणना



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** जनगणना को लेकर केंद्र सरकार ने आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। जनगणना की ये प्रक्रिया 1 मार्च 2027 तक पूरी हो जाएगी, जबकि लद्दाख, जम्मू कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में जनगणना पूरी होने की तिथि 1 अक्टूबर 2026 रहेगी। जनगणना के साथ ही इस बार जाति का जनगणना भी करवाई जाएगी, जिसका सरकार ने कुछ वक्त पहले ही ऐलान किया था।

दो चरणों में जनगणना कराने का फैसला–जातियों की गणना के साथ–साथ जनगणना–2027 को दो चरणों में कराने का निर्णय लिया गया है। जनगणना–2027 के लिए संदर्भ तिथि मार्च, 2027 के प्रथम दिन 00:00 बजे होगी। यानी 1 मार्च 2027 तक जनगणना का काम पूरा कर लिया जाएगा। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर और हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के 4 दिनों के दौरान इजराइल में ईरान का यह सबसे बड़ा हमला है।

# एयर इंडिया के विमान में फिर आई खराबी, वापस हांगकांग लौटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद लंदन एयर इंडिया विमान हादसे के चार दिन बाद हांगकांग से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के एक और बोइंग 787–8 ड्रीमलाइनर विमान में उड़ान भरने के चंद मिनट बाद तकनीकी समस्या का पता लगने पर उसे वापस हांगकांग लौटना पड़ा।

सूत्रों के अनुसार हांगकांग से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की उड़ान एआई315 बीती रात 11 बज कर 59 मिनट पर हांगकांग से रवाना हुई थी। रिकार्ड के अनुसार यह उड़ान तीन घंटे नौ मिनट के विलंब से रवाना हुई थी। उड़ान भरने के बाद पायलट को हवा में ही तकनीकी समस्या का संदेह हुआ। इस पर पायलट ने विमान को समुद्र के ऊपर कुछ देर उड़ाया और जब दिक्कत दूर नहीं हुई तो वापस लौटने का फैसला किया।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

## हज यात्रियों से भरे सऊदी एयरलाइंस के पहिये से निकली चिंगारी

**लखनऊ, एजेसी।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्लेन के पहिए में आग लगने की खबर है। लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट पर रविवार सुबह लैंडिंग के बाद टैक्सी–वे पर जाते वक्त सऊदी अरबिया एयरलाइंस के विमान के बाएं पहिये से चिंगारी और तेज धुआं उठने लगा। यह विमान जेद्दा से हज यात्रियों को लेकर लौटा था।

चिंगारी का पता चलते ही पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचना दी। इसके बाद तुरंत फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर फोम और पानी डालकर स्थिति पर काबू पा लिया। इसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया। तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली। जानकारी के मुताबिक, सऊदी अरबिया एयरलाइंस के विमान एसवी 3112 ने शनिवार रात करीब 11:30 बजे जेद्दा एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी।

## राजनाथ के हेलीकॉप्टर में खराबी, दूसरे से हुए रवाना



**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के चलते हेलीकॉप्टर पचमढ़ी से भोपाल के लिए उड़ान नहीं भर पाया। जिसके चलते वे दूसरे हेलीकॉप्टर से रवाना हुए।

पचमढ़ी में भाजपा सांसद–विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर से श्री सिंह आज भोपाल से पचमढ़ी पहुंचे थे। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को दोपहर 12 बजे से 2.50 बजे तक पचमढ़ी में रहे। वे दोपहर 2.30 बजे हवाई पट्टी पर आकर हेलिकॉप्टर में सवार हो गए थे, लेकिन तकनीकी समस्या के चलते हेलिकॉप्टर को उड़ने में दिक्कत आ रही थी। इसके बाद राजनाथ सिंह को दूसरे हेलिकॉप्टर में बैठाया गया। उन्होंने 2.51 बजे भोपाल के लिए उड़ान भरी। जिस हेलिकॉप्टर में खराबी आई थी, उसमें करीब पौने तीन घंटे सुधार कार्य के बाद शाम करीब 5.30 बजे रवाना किया गया।

### जबलपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने की घोषणा

# रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों को ढाई सौ रुपए शगुन दिया जाएगा



- बहनों और माताओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना लक्ष्य
- लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर रिफलिंग की राशि भी अंतरित की

**जबलपुर/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों को आत्मनिर्भर बनाने, सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और समृद्धि प्रदान करने के लिए हमारी सरकार द्वारा हर महीने बहनों के खातों में राशि भेजकर बहनों का रक्षाबंधन मनवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले महीने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में लाड़ली बहनों को 250 रुपए बढ़ाकर दिया जाएगा, जिससे ताकि बहनें उत्साह पूर्वक त्यौहार मना सकें।

डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर जिले के बेलखेड़ा गांव में राज्य स्तरीय लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश की लाड़ली बहनों सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के जरिए 2081 करोड़ रुपए से अधिक की सम्मान एवं सहायता राशि अंतरित की। डॉ. यादव ने प्रदेश की 1 करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किश्त 1551 करोड़ 44 लाख रुपए अंतरित किए। डॉ. यादव ने 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ की राशि, 27 लाख से अधिक बहनों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर रिफिलिंग की 39.14 करोड़ रुपए की अनुदान राशि और मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना में 6 हजार 821 श्रमिक परिवारों को 150 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि का भी सिंगल क्लिक से अंतरण किया। डॉ. यादव ने करीब 22 करोड़ 44 लाख रूपये के विकास कार्यों का भी लोकार्पण और भूमि–पूजन किया। उन्होंने कहा कि जबलपुर क्षेत्र महारानी दुर्गावती, रानी अवंतीबाई जैसी वीरांगनाओं की धरती है। हमारी सरकार ने इन वीरांगनाओं के नाम पर योजनाएं चलाई हैं। इनका लाभ प्रदेश की लाखों महिलाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरे देश सहित मध्यप्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। वहीं डॉ. यादव ने बेलखेड़ा में शासकीय महाविद्यालय प्रारम्भ करने और शहपुरा में अनुविभागीय राजस्व कार्यालय व शासकीय कर्मचारियों के आवास भवन के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने शहपुरा में एसडीओपी की पदस्थापना की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने इंदौर की लाड़ली बहना 'गंगा' द्वारा योजना की राशि से सिलाई मशीन व किराना दुकान के माध्यम से अर्जित आय से बेहतर जिंदगी जीने का जिक्र किया। उन्होंने एक ऐसी ही लाड़ली बहना 'सीता' का जिक्र किया। डॉ. यादव ने सम्मेलन में शामिल हुई लाड़ली बहनों का पुष्पवर्षा कर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव हाल ही में अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना में मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मोदी सरकार ने पक्का आवास देने का काम किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गांव, पहाड़ और नगर में रहने वाले, कच्चे और टूटे छत के मकान में रहने वाले सभी लोगों को पक्का आवास देने का काम किया है। प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना से हमारी माताओं और बहनों की आंखों को धुएं से मुक्ति दिलाने का काम भी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी की पहल पर जल जीवन मिशन के तहत अब हर घर नल से जल पहुंच रहा है। डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 1 करोड़ 33 लाख परिवारों को नि:शुल्क खाद्यान्न देने का काम भी सरकार कर रही है।

### जनजातीय नर्तकों के साथ ढोल बजाया

हेलीपैड से सभा स्थल पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनजातीय लोक नर्तकों ने वाद्ययंत्र बजाकर और जनजातीय लोक नृत्यकर स्वागत किया। डॉ. यादव ने जनजातीय लोक नर्तकों के साथ स्वयं ढोल बजाया। यहां डॉ. यादव का साफा–पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया और कामधेनु गाय की प्रतिमा भेंट की गई।

# रैपिडो ड्राइवर ने महिला यात्री को मारा थप्पड़

**बेंगलुरु, एजेंसी।** जयनगर से एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें एक रैपिडो बाइक ड्राइवर एक महिला यात्री के साथ मारपीट करता दिख रहा है. मिली जानकारी के अनुसार महिला ने सवारी के बीच में उतरने के बाद लापरवाही से बाइक चलाने को लेकर ड्राइवर का विरोध किया था. लेकिन दोनों के बीच सही से बातचीत नहीं हो पाने के कारण बहस बढ़ गई. जहां एक तरफ महिला केवल अंग्रेजी बोलती थी वहीं दूसरी तरफ रैपिडो ड्राइवर को केवल कन्नड़ बोलना आता था. महिला ने कथित तौर पर किराया देने और हेलमेट लौटाने से इनकार कर दिया जिसके बाद स्थिति बिगड़ गई. इसके बाद वीडियो में ड्राइवर महिला को थप्पड़ मारते दिखा, जिससे वह जमीन पर गिर गई।

महिला कथित तौर पर एक आभूषण की दुकान में काम करती है। वायरल हो रहे वीडियो में, शुरुआत में दोनों को बहस करते और आसपास खड़े लोगों को बीच–बचाव करने के लिए मनाने की कोशिश करते देखा गया. लेकिन उसका कोई फायदा नहीं हुआ. उस आदमी के थप्पड़ मारने के बाद भी किसी ने उसे रोकने की कोशिश नहीं की। खास बात है कि अप्रैल में ही हाई कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया था कि कर्नाटक में दोपहिया टैक्सियों (रैपिडो–उबर की बाइकें) पर रोक लगानी है. यानी कायदे से बाइक टैक्सियां अब कर्नाटक की सड़कों पर दिखनी ही नहीं चाहिए। कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा, तीन महीने पहले, अदालत ने फैसला किया था कि बाइक टैक्सी अवैध हैं. उन्होंने छह सप्ताह का समय दिया था. फिर से, उनके अनुरोध पर, उन्होंने छह सप्ताह और दिए हैं. अब, 12 सप्ताह खत्म हो गए हैं, और उन्हें हाई कोर्ट के आदेश का पालन करना होगा।

### राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के आंकड़ों से मिली जानकारी

# भारत में हर महीने औसतन हो रही है 17 बाघों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में इस साल अवैध शिकार, क्षेत्रीय विवाद, मानव–वन्यजीव संघर्ष, ट्रेन दुर्घटनाओं और प्राकृतिक कारणों से अब तक 91 शाही बाघों की मौत हो चुकी है। यह एक खतरनाक आंकड़ा है जिसके मुताबिक देश में हर महीने औसतन लगभग 17 बाघों की मौत हो रही है।

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के आंकड़ों के अनुसार पिछले साढ़े पांच महीनों में देश ने अवैध शिकार, क्षेत्रीय विवाद, मानव–वन्यजीव संघर्ष, ट्रेन दुर्घटनाओं और प्राकृतिक कारणों से 91 शाही बाघों को खो दिया है । यह खतरनाक आंकड़ा बताता है कि हर महीने देश में औसतन 17 बाघ मौत के मुंह में समा रहे हैं।

अगर यही सिलसिला जारी रहता है तो इस साल बाघों की मौत के कुल मामलों की संख्या पिछले साल के 126 के आंकड़े को पार कर सकती है। गौरतलब है कि 2019 से 2023 तक की पांच साल की अवधि में समूचे भारत में कुल 628 'धारीदार वन्य शिकारी' मारे गए हैं। भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की देखरेख करने वाले एनटीसीए के आंकड़ों के अनुसार देश में 2019 में 96, 2020 में 106, 2021 में 127, 2022 में 121 और 2023 में 178 बाघों की मौत हुई थी। इस बीच

### अकेले महाराष्ट्र में ही 26 बाघों की मौत की सूचना

2025 के पहले पांच महीनों में बाघो की मौत से जुड़े आंकड़े हर राज्य में असमान ही है जिसमें आधे से अधिक यानी 49 मौतें मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में हुई हैं जहाँ ट्रेन दुर्घटनाएँ और संक्रामक रोग भी इनकी मौत के जिम्मेदार पाये गये हैं। अकेले महाराष्ट्र में ही 26 बाघों की मौत की सूचना है। उसके बाद मध्य प्रदेश में 24 बाघों की मौत हुई। अन्य प्रभावित राज्यों में केरल (नौ), असम (आठ), उत्तराखंड (सात), कर्नाटक और उत्तर प्रदेश (चार–चार) और तेलंगाना (एक) शामिल हैं। आंकड़ो से जानकारी मिली है कि 42 बाघ अपने अपने संरक्षित स्थानों के अंदर ही मृत पाए गए जो प्राकृतिक कारणों या क्षेत्रीय लड़ाई के कारण हो सकते हैं। वहीं 35 बाघ इन संरक्षित क्षेत्रों के बाहर मरे पाए गए।

अधिकारियों ने इसका कारण मानव–पशु संघर्ष और बिजली के झटके के अलावा अन्य कारणों को बताया। इनमें एक महत्वपूर्ण आंकड़ा बाघो के 14 शावकों का है। उसके बाद 26 मादा और 20 नर बाघो का आंकड़ा आता है। इस क्षेत्र में काम कर रहे एक गैर सरकारी संगठन 'भारतीय वन्यजीव संरक्षण सोसायटी' (डब्ल्यूपीएसआई) से उपलब्ध डेटा अधिक चिंताजनक है। यह दर्शाता है कि 2025 में बाघों की मौतों में वृद्धि हुई है जिसमें अब तक 120 मौतें दर्ज की गई हैं । इनमें 96 प्राकृतिक या मानव–प्रेरित कारणों से और 24 अवैध शिकार और वन्यजीव तस्करी से जुड़ी हैं।

### पिछले 12 वर्षों में 1,386 बाघों की मौत हुई

इस बीच एनटीसीए के आंकड़ों के अनुसार पिछले 12 वर्षों में समूचे भारत में 1,386 बाघों की मौत हुई जिनमें से लगभग पचार प्रतिशम मौतें नामित बाघ अभयारण्यों में हुई हैं। उधर संरक्षणवादियों ने आशा दिलाते हुए कहा है कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और मानव आबादी के बावजूद दुनिया के लगभग तीन–चौथाई बाघ अब भी भारत में हैं। भारतीय वन्यजीव संस्थान के संरक्षणवादी वाईवी झाला ने 'साइंस' पत्रिका में प्रकाशित अपने हालिया अध्ययन में कहा कि '2010 से 2022 तक भारत में बाघों की संख्या अनुमानित 1,706 से दोगुनी होकर लगभग 3,700 हो गई है'।

# भारत सरकार के भूजल आयोग एवं केंद्रीय जल आयोग, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गठित 2 सदस्यीय दल ने किया निरीक्षण

**सागर, देशबन्धु।** भारत सरकार के भू.जल आयोग एवं केंद्रीय जल आयोग, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गठित टीम के सदस्यों डॉ. विनय कुमार कुलश्रेष्ठ, वरिष्ठ वैज्ञानिक, केन्द्रीय भू जल विभाग एवं गिरिराज शरण सिंह दांगी, अनुविभागीय अधिकारी, केन्द्रीय जल आयोग भारत सरकार ने सागर नगर निगम एवं सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर में किये गये विकास कार्यों का तीन दिवसीय निरीक्षण 16 जून से प्रारंभ किया। बेस्ट अर्बन लोकल बॉडी की कैटेगरी में जमीनी स्तर पर हुये कामों की समीक्षा एवं निरीक्षण उक्त दो सदस्यीय टीम के द्वारा 16 से 18 जून तक की जायेगी। उक्त टीम के द्वारा सोमवार को लाखा बंजारा झील, 4 एमएलडी क्षमता के वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, 43 एमएलडी क्षमता के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट व सीवरेज पंपिंग स्टेशन, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम अंतर्गत विकसित बड़े एवं मंझोले नाले आदि अन्य का स्थल निरीक्षण कर ग्राउंड ट्रुथ वेरिफिकेशन किया गया। निरीक्षण दल ने नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी की स्थानीय टीम के साथ राजघाट बांध पहुंचकर बांध से जुड़ी जानकारी संकलित की। उन्होंने राजघाट डेम में वर्तमान जल स्तर और इसकी फुल टेंक क्षमता जानी। उन्होंने नागरिक जल आपूर्ति मांग की तुलना में उपलब्ध पेयजल की जानकारी ली। नागरिकों को सप्लाई होने वाले पेयजल की बेहतर गुणवत्ता जांचने हेतु आवश्यक उपकरण और प्रयोगशाला आदि को भी जांचा-परखा। यहां बने इंटकवेल और जल शोधन से जुड़े सम्पूर्ण सिस्टम का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद टीम लाखा बंजारा झील का निरीक्षण करने पहुंची। यहां सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा झील के जीर्णोद्धार, पुनर्विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण दल ने सर्वप्रथम झील में मिलने वाले 41 से अधिक नालों व अन्य नालियों आदि को टैप करने की प्रक्रिया देखी



और झील के किनारे से होते हुये सीधे मोंगा बधान पर निकलने वाले इन सभी नालों के ग्रे वॉटर की जानकारी ली। इस ग्रे वॉटर को पुन: उपयोगी बनाने हेतु बनाये गये वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता और यहां पहुंचने वाले ग्रे वॉटर को शोधित कर साफ बनाने की प्रक्रिया को जाना। उन्होंने वर्तमान में झील में एकत्र पानी की जानकारी ली और इसके फुल टेंक क्षमता की स्थति को जाना। उन्होंने झील के पानी के वर्तमान उपयोग और भविष्य की कार्य योजना के विषय में भी जानकारी ली। उन्होंने सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर यहां ट्रीट किये जा रहे सीबरेज की प्रक्रिया देखी और निकलने वाले पुन: उत्पाद की गुणवत्ता व उपयोग आदि की जानकारी ली। स्टॉर्म वॉटर नालों के नेटवर्क सहित अन्य विकास कार्यों का भी निरीक्षण कर नागरिकों के जीवन पर इन परियोजना कार्यों से पड़े प्रभावों को भी जाना। निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया की ग्रीष्म ऋतु में विगत सप्ताह लगभग 45 डिग्री के आस पास तक पहुंचे तापमान के कारण राजघाट डेम में जलस्तर तेजी से कम हुआ था। वर्तमान में जल आपूर्ति मांग की अपेक्षा पर्याप्त पानी उपलब्ध है। ग्रीष्म ऋतु के प्रभाव से झील में भी जल स्तर कम हुआ है। झील को एक पर्यटन स्थल के रूप में प्रमोट करने का प्रयास किया जा रहा है।

यहां धार्मिक पर्यटन गतिविधि के रूप में जल गंगा आरती का आयोजन होने से बड़ी संख्या में नागरिकों का जुड़ाव झील से हुआ है। यहां पारम्परिक नौकायन भी बढ़ा है। इसके साथ ही संजय ड्राइव साइड आधुनिक क्रूज, मोटर बोट, पैडल बोट व वॉटर साईकिल आदि से वॉटर स्पोर्ट गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। केंनॉइंग, रोईंग आदि खेलों की सुविधा मिलने से स्थानीय युवा खिलाड़ियों को केरियार बनाने में सहयोग मिला है। विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी झील किनारे किया जाता है। यह झील एक विशाल और खूबसूरत जल स्रोत है। इसे सागर में पर्यटन का केंद्र बनाने हेतु रुपरेखा तैयार की जा रही है। मानसून से पहले सभी नवनिर्मित स्टॉर्म वॉटर नालों सहित नाले नालियों की साफ सफाई सुनिश्चित की जा रही है ताकि नागरिक जलभराव से प्रभावित न हों। नागरिकों को शासन-प्रशासन की योजनाओं परियोजनाओं का बेहतर लाभ मिले उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार हो इस उद्देश्य के साथ विभिन्न परियोजनाओं को पूर्ण किया गया है और विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य प्रगतिरत हैं।

## ओवरब्रिज की नालियों की कराई सफाई



**मालथौन, देशबन्धु।** बरसात के पूर्व नाला नालियों की नगर परिषद ने सफाई करवाई। नगर के बस स्टैंड, फोरलेन ओवरब्रिज की नीचे निकली नालियों की नपा सफाई कर्मियों द्वारा सफाई अभियान शुरू किया गया है जिससे बरसात का पानी नालियों में जमा न हो। सोमवार की सुबह नपध्यक्ष जयंत सिंह बुन्देला और सीएमओ द्वारा बस स्टैंड के आसपास की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने पर मौके पर सफाई कर्मियों की टीम को ओवरब्रिज के आसपास की नालियों की सफाई के निर्देश दिये कि नालियों में जमा कचड़ा, गंदगी हटाई को जाये, जिससे बरसात का पानी जमा न होने। सीएमओ ने बताया कि नगरीय क्षेत्र की समस्त नाली नालियों की सफाई कराई जा रही है।

## भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्र. 10 मकरोनिया की कार्यशाला संपन्न




**मकरोनिया, देशबन्धु।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्र. 10 की पुरुष, महिला युवा शाखाओं के अध्यक्ष, मंत्रियों की कार्यशाला विवेकानंद कॉन्फ्रेंस हॉल दीनदयाल नगर मकरोनिया में रविवार को वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेंद्र एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. आरके जैन तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण जैन चंदेरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्व प्रथम चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन, मंगलाचरण एवं महावीर प्रार्थना के साथ कार्यशाला प्रारंभ हुई, सभी का स्वपरिचय कराया गया, अतिथि शाखा अध्यक्ष सुरेश जैन बीज निगम ने स्वागत भाषण दिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा अध्यक्षीय उद्बोदन के उपरांत, इंजी. आरके जैन ने शाखा अध्यक्ष की संगठन के प्रति जिम्मेदारी, शाखा संचालन के संबंध में, क्षेत्रीय मंत्री कविता जैन ने शाखा मंत्री के क्या कार्य हैं विस्तार से दिशा निर्देश दिये। क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रमोद भाईजी ने शाखा का कोष किस प्रकार एकत्रित एवं खर्च का लेखा जोखा किस प्रकार तैयार किया जायेगा। वही क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय कॉर्डिनेटर जिनेश बहरोल ने शाखाओं में मासिक बैठक के महत्व एवं अनिवार्य बताया क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनीष शास्त्री द्वारा प्रचार मंत्री के कर्तव्य समाचार एवं फोटो किस प्रकार भेजी जावेगी पर जानकारी दी। अंत में कमलेंद्र जैन ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय क्षेत्रीय संयोजक के शाखा में उपयोगिता अधिकार एवं जिम्मेदारी का एहसास कराते हुये किस प्रकार शाखा को सक्रिय रख सकते हैं मार्गदर्शन दिया, क्षेत्रीय शाखा पदाधिकारियों को यथायोग्य जिम्मेदारी के निर्वहन करने की अपील की गई जिसे सभी ने स्वीकार कर मिलन के उत्तरोत्तर प्रगति का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक महेश जैन, ऋषभ जैन स्टेशन मास्टर, गुलझारी लाल जैन, संतोष, राष्ट्रीय संयोजिका कल्पना सेठ, ममता जैन, संगीता चंदेरिया, शशि सत भैया, संगीता पड़ेले क्षेत्रीय पदाधिकारी संजय जैन शक्कर, मंजू जैन सतभैया, सुधीर डब्लू, अर्चना इंद्र श्री के साथ ही लगभग 29 शाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। मकरोनिया शाखा द्वारा 6 जुलाई को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह पोस्टर का विमोचन मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा किया गया। सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन मकरोनिया में बताया कि इस आयोजित कार्यशाला में 29 शाखाओं के 147 पदाधिकारी शामिल हुये।

## अवैध शराब ले जा रहे दो युवक बस से टकराये, दोनों घायल सागर मेडिकल कॉलेज रेफर

**बीना, देशबन्धु।** बीना-खुरई रोड पर ग्राम हिरनछिपा के पास सोमवार सुबह 8.30 बजे बीना से सागर जा रही यात्री बस से बाइक की सीधी टक्कर हो गई। बाइक पर सवार दोनों युवक अवैध शराब ले जा रहे थे। हादसे में घायल युवकों की पहचान गुल्ले उर्फ देवेंद्र 21 वर्ष, निवासी खिरिया वार्ड और अमन अहिरवार 22 वर्ष निवासी जवाहर वार्ड के रूप में हुई है। टक्कर के बाद दोनों युवक बाइक से दूर जा गिरे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस से बीना सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सागर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जांच में सामने आया कि युवक दो पेटी अवैध शराब लेकर बीना की ओर जा रहे थे। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर एमपी 15 पीए 0749 नंबर की बस को थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है। प्रारंभिक जांच में बाइक की तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है।

## गौर यूथ फोरम ने प्रशासनिक भवन के सामने प्रदर्शन कर धरना दिया



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में पिछले दिनों फार्मेसी के प्रतिभावान विद्यार्थी आशीष अहिरवार की विवि परिसर में दुर्घटना में आकस्मिक मौत हो जाने की घटना और इसी दुर्घटना में गंभीर घायल तीन अन्य विद्यार्थियों को आर्थिक मदद, मुआवजा को लेकर गौर यूथ फोरम ने सोमवार को विवि के प्रशासनिक भवन के सामने प्रदर्शन किया और धरना दिया। विवि प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, साथ ही भ्रष्टाचार बंद करो के नारे लगाये गये। इस दौरान मुख्य गेट पर तालाबंदी कर सभी अधिकारियों को अंदर से निकलने नहीं दिया गया। फिर प्राक्टर चंदा बैन, डीएसडब्लू डीके नेमा और सुरक्षा अधिकारी ने आकर ज्ञापन लिया, सोमवार को फिर आश्चर्य देखा गया, कि डीएसडब्लू नेमा को मृत विद्यार्थी का नाम तक नहीं पता था, फिर फोरम के कार्यकर्ताओं ने डीएसडब्लू से इस्तीफा मांग की और प्रशासन को जमकर खरी खोटी सुनाई। फोरम कि विवि इकाई के फार्मेसी के विद्यार्थियों ने बताया विवि प्रशासन से वार्डन्स को छोड़कर कोई भी अधिकारी घायल विद्यार्थियों को देखने तक नहीं गये वह भी केवल एक दिन गये थे। विवि परिक्षेत्र अध्यक्ष हिमांशु तिवारी और महामंत्री आशुतोष पाठक ने कहा कि विवि के प्रत्येक विद्यार्थी से मेडिकल फीस और इंश्योरेंस शुल्क नियमित रूप से लिया जाता रहा है, स्टूडेंड वैलफेयर फंड में लाखों रुपये जमा हैं लेकिन ये किसके कल्याण के लिये रखे हैं पता नहीं। प्रशासन यह जवाब क्यों नहीं दे रहा। आज तक विवि ने किसी को इंश्योरेंस के रूप में कोई क्षतिपूर्ति नहीं दी है, सारा पैसा कहां जाता हैं। फोरम की विवि इकाई की ओर से किये गये इस प्रदर्शन में रखी गई मांग को लेकर एक हफ्ते का अल्टीमेटम दिया है अन्यथा की स्थिति में पुन: आन्दोलन की भूमिका बनाई जायेगी और न्यायालय में पिटीशन लगायी जावेगी, जिसमें विवि प्रशासन के जिम्मेदारों से जवाब मांगा जायेगा। मृत विद्यार्थी को मुआवजा और घायलों को मदद की आज की मांग को और विवि प्रशासन के कारनामो को नितिन गडकरी, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री, धर्मेन्द्र प्रधान, राष्ट्रपति को भी अवगत कराया जायेगा। प्रदर्शन में हिमांशु तिवारी, अंशुल शर्मा, विश्वजीत सिंह, मयंक दुबे, आशुतोष पाठक, हर्षवर्धन मिश्रा, हरिशंकर चौरसिया, अतुल जायसवाल, हर्ष कुमार, प्रदीप, राजीव, राज भास्कर पांडेय, प्रतीक सिंह, आयुष झा, विशाल, राहुल अहिरवार, आर्यन जैन आदि उपस्थित रहे। गौर यूथ फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विवेक तिवारी ने कहा कि यह चिंतनीय और शर्मनाक है, जो भी बच्चे विवि में पढ़ रहे हैं उनकी नैतिक जिम्मेदारी भी विवि प्रशासन को लेना चाहिये।

## खुरई में एक साथ सभी मंडलों में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण चौपाले व संकल्प अभियान संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक अभियान के अन्तर्गत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की उपलब्धियों व देश में हुये विकास के बारे में आम लोगों से संवाद करने की दृष्टि से खुरई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी भाजपा मण्डलों व शक्ति केन्द्रों द्वारा मोहल्ला वार्ड व पंचायत चौपाल का कार्यक्रम एक ही दिन 15 जून रविवार को किये जाने का निर्णय भाजपा नगर मण्डल खुरई, खुरई ग्रामीण, धनोरा, मालथौन, बरोदिया कला एवं बांदरी मण्डलों द्वारा विधायक व पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह के आव्हान पर लिया गया था। इस कार्यक्रम के तहत सभी वार्डों मोहल्ला एवं पंचायतों में प्रभारी वक्तागणों ने पहुंचकर मण्डल की शक्तिकेन्द्र टोली व बूथ समितियों को साथ लेकर यह कार्य संपन्न किया। इन आयोजनों में केन्द्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम प्रभारियों व वक्तागणों ने सभी चौपाल स्थलों पर पहुंचकर जनसंवाद किया एवं चौपाल स्तर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत अभियान के अंतर्गत निर्धारित प्रपत्र में संकल्प भी लिया।

## बे-खौफ सट्टा कारोबार का गढ़ बना गौरझामर, प्रशासन मौन

**गौरझामर, देशबन्धु।** इन दिनों गौरझामर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में सट्टा कारोबार ने विकराल रूप धारण कर लिया है। स्थानीय सूत्रों व नागरिकों की मानें तो यह अवैध धंधा अब पूरी तरह बेलगाम हो चला है। खुलेआम सट्टे की बुकिंग, मोबाइल और ऑनलाइन माध्यमों से नंबरों का आदान प्रदान और पुलिस प्रशासन की चुप्पी, इन सबने मिलकर इस गैर कानूनी धंधे को मजबूत आधार प्रदान किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हांता क्षेत्र के फोर लाइन चौराहा, जनरल स्टोर, कपड़े की दुकानों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर सट्टे का खेल बेधड़क संचालित हो रहा है। युवाओं को इसकी लत लग रही है और कई गरीब परिवार आर्थिक बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं। मोबाइल व ऑनलाइन सट्टे के कारण पुलिस के लिये इस पर रोक लगाना और भी मुश्किल होता जा रहा है। आधुनिक तकनीक और मोबाइल एप्स के जरिये अब यह खेल घर-घर तक पहुंच चुका है। साइबर पुलिस के पास सभी आवश्यक तकनीकी संसाधन मौजूद होने के बावजूद भी मुख्य सटोरियों तक पहुंचना एक चुनौती बना हुआ है। आमजन का आरोप है कि सायबर विभाग की उदासीनता या अनदेखी के चलते बड़े सट्टा कारोबारी अब भी कानून की पकड़ से दूर हैं। स्थानीय पुलिस समय-समय पर कार्यवाही का दावा जरूर करती है, लेकिन वह सिर्फ छोटे सट्टा पर्ची काटने वालों तक सीमित होती है। असली मास्टरमाइंड अब भी बेखौफ अपने धंधे को चला रहे हैं। गौरझामर व हांता क्षेत्र सट्टा कारोबार के लिये सुरक्षित जोन बनते जा रहे हैं जहां बाहर से भी लोग रोजाना सट्टा खेलने पहुंचते हैं। स्थानीय समाजसेवियों और नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस गोरखधंधे पर तत्काल सख्त कार्यवाही की जाये। खासकर युवाओं और गरीब वर्ग के लोगों को इस लत से बचाने के लिये व्यापक जन जागरूकता अभियान, लगातार निगरानी और बड़े सटोरियों की धरपकड़ जरूरी है। यदि प्रशासन अब भी चुप रहा, तो आने वाले समय में यह सामाजिक बुराई एक गंभीर समस्या का रूप ले सकती है।

## जान से मारने की नियत से कट्टा से फायर करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** 14 जून को आहत अरबाज कुरैशी पिता अजीज कुरैशी 25 वर्ष निवासी मोतीनगर वार्ड ने देहाती नालसी लेख कराई कि 13 जून के शाम करीब 08.30 बजे की बात है मैं अपनी बुलेट मोटरसाईकिल से राहतगढ़ बस स्टेण्ड से अपने घर कटरा तरफ लौट रहा था कि रास्ते में माता मंदिर के पास ट्राफिक जाम लगा हुआ था तो मैने ईतवारी टोरी वाले रास्ता से अपने घर तरफ जाने लगा रास्ते में मुझे मेरा दोस्त शादाब खान मिला जो मुझसे बोला कि मुझे राधा तिराहा में कुछ काम है राधा तिराहा पर छोड देना तो मैं अपनी बुलेट मोटरसाईकिल से शादाब को बैठाया और जैसे ही हम लोग राकेश राय वाली गली चद्रशेखर वार्ड में पहुंचे तो वहां पर इमरान खान और समीर खान मिले जो समीर खान ने मेरी गाडी में पीछे बैठे हुये सादाब खान को पुरानी बुराई के चलते बुलेट से खीचकर नीचे गिरा दिया। मैने बुलेट को आगे रोककर खड़ी करके शादाब के पास पहुंचा तो समीर खान ने शादाब खान को लात घूसो से मारपीट कर रहा था और हम लोगो को गंदी-गंदी गालिया देते हुये बोला कि गोली मारो और इमरान खान ने जान से मारने की नियत से मुझ पर कट्टा से फायर किया जो मेरे बाये पैर के पंजे में लगी खून निकलने लगा की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। दौरान विवेचना प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुये मुखविर सूचना तंत्र स्थापित कर आरोपी इमरान उर्फ इवरान पिता रहमान खान 39 वर्ष निवासी चंद्रशेखर वार्ड को 15 जून को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने अपराध करना स्वीकार किया तथा मेमोरेण्डम के आधार पर घटना में प्रयुक्त कट्टा की जप्ती की गई आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं जिसके विरूद्ध अपराधिक मामला पंजीबद्ध हैं। उक्त कार्यवाही में निरी. जसवंत राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर, राकेश भट्ट, माधव सिंह, प्रमोद बागरी, अनिल कुमार, प्रेम, देवेन्द्र शुक्ला का योगदान रहा।

## व्यापारी को मिला सोने-चांदी के गहनों से भरा पर्स, खोलकर देखा तो थी 7 लाख की ज्वैलरी

**बीना, देशबन्धु।** एक महिला का 7 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहनों से भरा पर्स बस पकड़ने की जल्दी में गिर गया। गुरुनानक मेडिकल स्टोर के मालिक अशोक वाधवानी की ईमानदारी से पर्स मालिक को वापस मिल गया। घटना रविवार रात की है। मुन्नालाल सोनी अपनी बहू रितु सोनी के साथ छतरपुर से बीना आये थे। वे यहां से सिरोंज जाने वाली बस पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। गांधी तिराहे पर बस आते ही रितु सोनी जल्दी में बस में चढ़ने लगीं। इसी दौरान उनका पर्स गिर गया। पर्स में सोने-चांदी के हार, कंगन, झुमकी, पायल और माता की मूर्ति समेत कई गहने थे। गांधी तिराहे पर स्थित गुरुनानक मेडिकल स्टोर के मालिक अशोक वाधवानी ने सड़क पर पड़ा पर्स देखा। उन्होंने इसे उठाकर अपने पास सुरक्षित रख लिया। रितु को जब पर्स गिरने का पता चला तो वे तुरंत बस से उतरकर तिराहे पर लौटीं। लेकिन तब तक पर्स वहां नहीं था। रात में ही पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी गई। आरक्षक धर्मेंद्र जाटव ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसमें पर्स गिरने और किसी व्यक्ति द्वारा उठाने की पुष्टि हुई। हालांकि व्यक्ति की पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई। अगली सुबह रितु के पति राहुल सोनी आसपास के दुकानदारों से पूछताछ करते हुये गुरुनानक मेडिकल पहुंचे। अशोक वाधवानी ने उन्हें पर्स सौंप दिया। सभी थाना पहुंचे जहां टीआई अनूप यादव ने पर्स में रखे सामान की जांच की। इसके बाद पर्स राहुल सोनी को लौटा दिया गया। टीआई ने मेडिकल स्टोर मालिक की ईमानदारी की सराहना की।

## गुरू पूर्णिमा महामहोत्सव 2025 एवं भक्तमाल कथा कि तैयारियां जोरों पर



**सागर, देशबन्धु।** महंत स्वामी किशोर दास देव जू महाराज श्री गोरे लाल कुंज श्री धाम वृन्दावन का गुरू पूर्णिमा महामहोत्सव एवं श्री भक्तमाल कथा, श्री गोपाल यज्ञ का भव्य दिव्य आयोजन 2 से 10 जुलाई तक स्थान श्री देवराहा बाबा मंदिर प्रांगण, बम्होरी रेंगुआ में होने जा रहा है। जिसमें प्रदेश सहित अन्य राज्यों व देश-विदेश से भी गुरूभाई मण्डल के सदस्य पधार रहे हैं साथ ही अनेक राष्ट्रीय संतजनों का संत समागम होगा। जिसमें अग्र मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेन्द्र दास देवाचार्य, रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार, पुंडरीक गोस्वामी, इंद्रेश उपाध्याय एवं कई जगह से बड़े-बड़े संतजनों का आगमन हो रहा है। गुरु पूर्णिमा महा महोत्सव 2025 एवं भक्तमाल कथा के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ हो चुकी हैं। आयोजन समिति द्वारा प्रदेश एवं केंद्र सरकार के मंत्रियों को भोपाल पहुंचकर निमंत्रण पुस्तिका भेंट कर उन्हें आयोजन में आमंत्रित किया गया। जिसमें उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ला को सागर प्रवास के दौरान निमंत्रण पुस्तिका भेंट की एवं भोपाल पहुंचकर भाजपा संगठन महामंत्री पं. हितानंद शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पं. विष्णु दत्त शर्मा, प्रहलाद पटेल केबिनेट मंत्री, लखन पटेल राज्य मंत्री, विश्वास सारंग केबिनेट मंत्री आदि को सद्गुरू शिष्य मंडल के सदस्यों द्वारा मंत्री कार्यालय एवं निज निवास पहुंचकर निमंत्रण पुस्तिका भेंट की एवं सभी ने होने वाले गुरू पूर्णिमा महामहोत्सव में आने के लिये अपनी सहमति प्रदान की। आयोजन समिति सदस्यों द्वारा सागर एवं सागर से लगे हुये आसपास के जिलों में भी वरिष्ठ जनों एवं सभी धर्मप्रेमी बंधुओं के घर-घर पीले चावल रखे हुये निमंत्रण कार्ड पहुंचाये जा रहे है। सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील आयोजन समिति के सदस्यों ने की है।

# विश्वविद्यालय का 33वां दीक्षांत समारोह 20 जून को

## केंद्रीय कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी होंगे मुख्य अतिथि



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय का 33 वां दीक्षांत समारोह 20 जून को आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में आवश्यक तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कुलपति ने आयोजन की तैयारियों के संबंध में विभिन्न समितियों के समन्वयक एवं उपसमन्वयकों से चर्चा कर तैयारियों की जानकारी ली और सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आयोजन के मुख्य समन्वयक प्रो. नवीन कानगो ने बताया कि कुल 1225 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। पीजी के 426, यूजी के 482 तथा पीएचडी के 49 छात्रों सहित कुल 957 छात्र समारोह में उपस्थित रहकर उपाधि प्राप्त करेंगे। समारोह विवि के गौर प्रांगण में भव्यता के साथ आयोजित किया जायेगा। कुलपति ने आमंत्रण पत्र जारी करते हुये जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि 33 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि नितिन गडकरी केंद्रीय मंत्री भारत सरकार होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं गौर अतिथि के रूप में मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े समारोह में सम्मिलित होंगे। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति कन्हैया लाल बेरवाल करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हमारे समय के प्रख्यात मनीषी, रचनाकार, साहित्य एवं संस्कृत मर्मज्ञ, समाजसेवी पद्म विभूषण स्वामी रामभद्राचार्य को विवि द्वारा मानद डी. लिट्. उपाधि प्रदान की जायेगी।

### 17, 18 एवं 19 जून को होगा डिग्री फाइल और ड्रेस सामग्री का वितरण

दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले पंजीकृत अभ्यर्थियों को 17, 18 एवं 19 जून को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच गौर प्रांगण से डिग्री फाइल और ड्रेस सामग्री पगड़ी और स्टोल वितरित की जायेगी। निर्धारित ड्रेस कोड छात्र सफेद कुर्ता और पायजामा, छात्राये सफेद सलवार और कुर्ता की व्यवस्था अभ्यर्थियों को स्वयं करनी होगी। विवि द्वारा स्टोल एवं बुंदेली सतरंगी पगड़ी उपलब्ध करायी जायेगी। 18 एवं 19 जून 2025 को अपराह्न 3 बजे से गौर प्रांगण में होगा दीक्षांत का रिहर्सल, इंट्री पास और फोटो आईडी के साथ विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। डिग्री पाने वाले अभ्यर्थी 18 एवं 19 जून 2025 को अपराह्न 3 बजे गौर प्रांगण में रिहर्सल में भाग ले सकेंगे। विवि द्वारा प्रदान की जाने वाली बुन्देली सतरंगी पगड़ी और स्टोल का संग्रह, रिहर्सल, दीक्षांत समारोह हॉल में प्रवेश के लिए अपना प्रवेश पत्र अपनी फोटो आईडी आधार, पैन आदि साथ ले जाये। दीक्षांत समारोह विवि के गौर प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। पंजीकृत पदक प्राप्तकर्ता, पीएचडी, पीजी, यूजी एवं पंजीकृत छात्रों के साथ आने वाले व्यक्तियों, अतिथियों, पत्रकारो, शिक्षको एवं प्रशासनिक अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था भी गौर प्रांगण में की गई है। दीक्षांत समारोह के अवसर पर अतिथियों द्वारा विवि के तीन नवीन भवनों आचार्य सुश्रुत भवन, आचार्य पीसी रे भवन एवं स्वदेशी भवन का लोकार्पण किया जायेगा।

## सार समाचार

### मत्स्याखेट, परिवहन और विपणन पर 15 अगस्त तक रोक

**छतरपुर, देशबन्धु।** मत्स्य प्रजनन काल 16 जून से 15 अगस्त तक माना जाता है। इसे देखते हुए जिला दण्डाधिकारी पार्थ जैसवाल ने छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी से नही है को छोड़कर सभी नदियों व जलाशयों में मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन एवं मत्स्य विपणन पर 15 अगस्त तक पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। इसका उल्लंघन करने और दोष सिद्ध होने पर एक वर्ष के करावास या पांच हज़ार रुपए या दोनों से दंडित किया जाएगा।

### महिला का पर्स चोरी, 2 लाख के जेवर और मोबाइल

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर की छत्रसाल नगर निवासी अंजली राय का पर्स बाजार से चोरी हो गया है। जिसमें दो लाख के जेवर और मोबाइल रखा था। पुलिस ने जांच का आश्वासन दिया है। अंजली ने बताया कि वे जिला न्यायालय के पास मोटे के महावीर मंदिर के सामने से सब्जी खरीदने रुकी थीं। जैसे ही उन्होंने पर्स से रुपए निकाले, तभी एक चोर उनका पर्स लेकर भाग गया। पर्स में दो मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और 2 लाख रुपए कीमत की सोने की तीन अंगूठियां और दो लॉकेट रखे थे। चोरी के बाद तुरंत मदद के लिए 100 नंबर पर कॉल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वह सिटी कोतवाली और सिविल लाइन थाने जाकर सूचना दी। मगर पुलिस ने शिकायत ही दर्ज नहीं की। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। घटना का वीडियो देखने के बाद जांच की जाएगी।

### हत्या के प्रयास का 7 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** दिसम्बर 2024 में गौरिहार थाने के ग्राम गहबरा में संजय तिवारी को गोली मारकर हत्या के प्रयास के चैथे आरोपी छुटकू उर्फ अवनेंद्र तिवारी पुत्र रमेश उर्फ चुन्नू तिवारी निवासी ग्राम चुरियारी थाना गौरिहार को को पुलिस ने सोमवार की सुबह उसके गांव में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। उस पर पुलिस अधीक्षक ने 7000 रुपए का इनाम घोषित किया था। उसे न्यायालय से जेल भेज दिया गया है। बता दें इस मामले के तीन आरोपियों में पंकज शुक्ला पुत्र लालाभाई शुक्ला और गुड़िया उर्फ रोहित शुक्ला पुत्र लालाभाई शुक्ला दोनों निवासी गहबरा सहित बद्दा उर्फ रामसजीवन माली पुत्र प्रभुदयाल माली निवासी ग्राम चुरियारी को पूर्व में पकडा जा चुका है। आदतन अपराधी छुटकू उर्फ अवनेंद्र तिवारी पर पूर्व से हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखने, चोरी और मारपीट जैसे आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

### मकान निर्माण में हादसा, गिरकर मजदूर के पैर टूटे

**छतरपुर, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में मकान निर्माण के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मजदूर बलराम अहिरवार (32 वर्ष) के दोनों पैर टूट गए। उसे प्राथमिक उपचार के बाद छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना महोबा में धर्मेंद्र महाराज के मकान में हुई, जहां बलराम मलबा निकालने का काम कर रहा था। उसने बताया, सुबह मकान का काम लगा हुआ था। मैं मलमा निकाल रहा था, तभी अचानक दीवार मेरे पैरों पर गिर गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत उठाया और महोबा के उप स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। छतरपुर जिला अस्पताल में बलराम का इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, उसके दोनों पैरों में फ्रैक्चर है, और स्थिति स्थिर लेकिन गंभीर बनी है।

### साइकिल सवार दंपति ट्रक की टक्कर से घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** ग्राम गठेवरा के पास सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल पर जा रहे दंपति को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में भर्ती दोनों की हालत नाजुक बनी है। जानकारी के मुताबिक घायल दंपति अर्जुन बरार 55 वर्ष और उनकी पत्नी बती बरार 50 वर्ष निवासी सरानी, विकलांग हॉस्पिटल में मजदूरी करते हैं। सोमवार सुबह अर्जुन अपनी पत्नी को साइकिल पर बिठाकर जा रहा था, तभी गठेवरा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। पीछे से आ रहे कैलाश बरार ने बताया, मैंने देखा तो दोनों बेहोश पड़े थे, खून बह रहा था। तुरंत लोगों को बुलाया और मदद मांगी।

### बैठक में कलेक्टर ने ली अधिकारियों की क्लास, दिए सख्त निर्देश

# कई अधिकारियों को थमाए नोटिस, घुवारा सीएमओ और एआरआई निलंबित



**छतरपुर, देशबन्धु।** सोमवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में टीएल बैठक लेकर अधिकारियों को लंबित कार्य शीघ्र और समय से पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं लापरवाह अधिकारियों पर सख्ती दिखाते हुए नोटिस थमाए और घुवारा सीएमओ और एआरआई निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करके सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसरों को निर्देश दिए कि वे अपने ऑपरेटर के साथ कलेक्ट्रेट में रहकर लंबित शिकायतों का संतोषजनक समाधान करें। उन्होंने राजनगर एवं बक्सवाहा के बीएमओ को कार्य में लापरवाही और पूर्व सूचना के बावजूद बैठक से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला समन्वयक को बैठक में अनुपस्थित रहने और बिना जानकारी वाले प्रतिनिधि को भेजने पर नोटिस थमाया। साथ ही घुवारा, नौगांव, छतरपुर एवं गौरिहार के तहसीलदारों को भी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निपटारे में सबसे खराब प्रदर्शन के कारण नोटिस थमाए गए। इसी प्रकार बिजावर के बीईओ एवं डाइट प्राचार्य को भी सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही बरतने पर, खनिज अधिकारी एवं उप संचालक कृषि को भी शिकायतों की अनदेखी करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित विभागों में सीएम हेल्पलाइन में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटर का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने बक्सवाहा के सीएमओ का प्रभार अन्य अधिकारी को देने और घुवारा के सीएमओ और एआरआई को सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की जानकारी न होने पर उन्हें निलंबित कर दिया। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और कई विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

#### झोलाछाप डॉक्टरों पर दर्ज कराएं एफआईआर

कलेक्टर ने सभी बीएमओ का झोलाछाप डाक्टरों पर की गई कार्यवाही के बाद एफआईआर दर्ज करने और जुर्माने की कार्यवाही करने के साथ अन्य झोलाछाप डाक्टर्स पर कार्यवाही तेज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 21 जून को विश्व योग दिवस पर खजुराहो के मंदिर प्रांगण में होने वाले जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास के लिए तैयारियां तेज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बिजली कंपनी के एसई और ईई को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। साथ ही शिकायत नंबरों पर काल को तुरंत अटेंड किया जाए। इसके लिए अनुभाग स्तर पर भी शिकायत नंबर जारी किया जाए।

#### जिला निगरानी समिति की बैठक में दिए निर्देश

सोमवार को ही कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सुलभ चुनाव पर जिला निगरानी समिति की बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा इसका उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में दिव्यांगजनों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित कराना है। बैठक में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी दिव्यांगों के लिए सुलभ और समावेशी चुनाव प्रक्रिया के लिए जिले में किए जा रहे उपायों की निगरानी और मूल्यांकन के निर्देश दिए गए।

## लोकायुक्त की कार्रवाई 4 हजार की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथों पकड़ा



**छतरपुर, देशबन्धु।** सागर लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को छतरपुर में एक पटवारी को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

पटवारी ने वसीयत के नामांतरण के लिए 5 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी, जिसमें से 4 हजार रुपये लेते समय उसे पकड़ा गया है। लोकायुक्त की कार्रवाई छतरपुर तहसील के गहरवार हल्का नंबर-29 के पटवारी श्यामलाल अहिरवार के पर हुई है। निरीक्षक रंजीत सिंह ने बताया फरियादी पुष्पेंद्र अहिरवार निवासी निवरिया ने शिकायत की थी कि उनके नाना की मृत्यु के बाद जमीन के वसीयत नामांतरण के लिए पटवारी श्यामलाल ने 5 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी, जिसमें से 1 हजार रुपये वह दे चुका है। शेष राशि की मांग को लेकर पटवारी द्वारा पुष्पेन्द्र को परेशान किया जा रहा था, जिसके चलते पुष्पेंद्र ने सागर लोकायुक्त में शिकायत कर दी। लोकायुक्त टीम ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद ट्रैप की योजना बनाई। निरीक्षक रंजीत सिंह के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को पटवारी श्यामलाल को उनके देरी रोड कृष्णा कॉलोनी स्थित निवास पर 4 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा।

फरियादी पुष्पेंद्र अहिरवार ने बताया कि पटवारी ने बिना रिश्वत लिए नामांतरण करने से साफ मना कर दिया था। लोकायुक्त ने पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। श्यामलाल के घर से कुछ दस्तावेज और साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं।

## दबंगों ने की बेरहमी से मारपीट, 5 लोग बुरी तरह से घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** सटई थाना क्षेत्र के ग्राम बछरोनिया में सरकारी तलैया से अवैध रूप से मिट्टी खोदकर बेचने का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। गांव के कुछ दबंगों ने मिट्टी खनन को रोकने की कोशिश करने वाले बुजुर्ग और उनके परिजनों पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिसमें पांच लोग घायल हो गए।

ग्राम बछरोनिया में दीब्बी यादव 65 वर्ष ने बताया तलैया में पहले उनके नाती की डूबने से मौत हो चुकी थी, इसलिए उन्होंने गहरीकरण और मिट्टी बेचने का विरोध किया। इससे नाराज रामनाथ यादव, गोकुल, रामदीन, दशरथ, राहुल और अंकु ने दीब्बी के साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए श्यामलाल यादव, प्रेमलाल, रजनी और माया पर भी हमला किया गया। श्यामलाल यादव ने कहा, हमने सिर्फ अवैध खनन को रोकने की कोशिश की, लेकिन दबंगों ने बिना वजह हमला कर दिया।

दोनों पक्षों में विवाद के बाद सटई थाना पुलिस ने पड़रिया चौकी में दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दीब्बी ने आरोप लगाया कि हमला दबंगों ने किया, लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षों पर कार्रवाई की।

## सीआईएसएफ के जवानों ने किया योगाभ्यास

**खजुराहो, देशबन्धु।** एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों द्वारा योग का कार्यक्रम रखा जाता है जिसमे मतंगेश्वर सेवा समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक निरुपम गोगोई ने बताया योग की अनेक विशेषताएं हैं, जिनमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ शामिल हैं। यह शारीरिक फिटनेस, लचीलापन और शक्ति को बढ़ाता है। योग तनाव कम करने, मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता में सुधार करने, और बेहतर नींद को बढ़ावा देने में मदद करता है इसके अतिरिक्त, योग ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है, वजन प्रबंधन में सहायता करता है, और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देता है। इस योग कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम खजुराहो के सभी प्रमुख मंदिरों मे किया जाता है। इस अवसर पर विशेष रूप से उर्वशी साव, खजुराहो निरीक्षक परमानन्द वर्मा, हरेराम पाशवान एवं सी आईएसएफ के अन्य सदस्य बल उपस्थित रहे। योग एवं अध्यात्म प्रेमी पंडित सुधीर शर्मा ने खजुराहो मे योग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सीएसआईएफ के जवानों का आभार जताया।

## नवनियुक्त 51 पुलिस आरक्षकों को एएसपी ने सौंपे नियुक्ति पत्र




**छतरपुर, देशबन्धु।** सोमवार को एसपी कार्यालय में आयोजित एक समारोह में 51 नवचयनित आरक्षकों को एएसपी विदिता डागर ने नियुक्ति पत्र सौंपे हैं।

एएसपी ने नवचयनित आरक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, आप सभी पुलिस की गरिमा और कर्तव्यपरायणता को बनाए रखें। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने आरक्षकों से निष्ठा, अनुशासन और जनसेवा के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

नए आरक्षकों ने नियुक्ति पत्र मिलने पर खुशी जताई और पुलिस में सेवा देने के लिए उत्साह जताया। बताया गया है कि शेष 41 आरक्षकों को जल्द ही नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। यह नियुक्तियां जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं।

## मूल्य शिक्षा के अभाव में सही समझ नहीं बन पा रही है : लखन लाल



**छतरपुर, देशबन्धु।** खजुराहो में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्यों के साथ आनंद की अवधारणा पर संवाद करते हुए राज्य आनंद संस्थान के संभागीय समन्वयक लखनलाल असाटी ने कहा शिक्षा का मूल मकसद तो मानव में निश्चित मानवीय आचरण स्थापित करना है।

उन्होंने कहा मूल्य शिक्षा के अभाव में सही समझ नहीं बन पा रही है, जिस कारण सुविधा को जीवन का लक्ष्य मान लिया है। श्री असाटी ने कहा संसार में मानव अपने जीवन का लगभग एक तिहाई भाग पठन-पाठन में लगा रहा है, इसके बावजूद उसके अमानवीय व्यवहार से समाज भयभीत है। इसके पूर्व केंद्रीय विद्यालय संगठन के सहायक आयुक्त हीरालाल ने सत्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त किरण शर्मा, मास्टर ट्रेनर आशा असाटी, केंद्रीय विद्यालय छतरपुर के प्राचार्य मनीष रुसिया, व्यवस्था सहयोगी राजेश जैन सहित प्रदेश के 45 से अधिक प्राचार्य उपस्थित थे। अंत में उपायुक्त दिगराज मीणा ने आनंद विभाग के प्रति आभार जताया।

## मंदिर से दान पेटी चुराने वाला आरोपी पकड़ा

**छतरपुर, देशबन्धु।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने नरसिंहगढ़पुरवा मोहल्ले के एक मंदिर में हुई दान पेटी से चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके चुराई गई दान पेटी, उसमें रखे 6161 रुपये और चोरी में इस्तेमाल लोहे का सब्बल बरामद कर लिया है। चक्षु अभियान के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों ने इस मामले को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई। थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि चार दिन पहले नरसिंहगढ़पुरवा मोहल्ले के मंदिर से दान पेटी चोरी की शिकायत पुजारी ने दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करके घटनास्थल के आसपास के मोहल्ले, मार्गों, चौराहों और अन्य क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। चक्षु अभियान के तहत जन सहयोग से लगाए गए कैमरों ने आरोपी की पहचान में महत्वपूर्ण मदद की। एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी हीरालाल उर्फ हल्के कुशवाहा पुत्र जमुना प्रसाद निवासी नरसिंहगढ़पुरवा को गिरफ्तार किया। उसके

## ठेकेदार अवैध रुप से गांव-गांव में बिकवा रहा शराब

**हरपालपुर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र में इन दिनों आबकारी ठेकेदार के गुर्गे अवैध रुप से गांव गांव तक शराब बिकवा रहे हैं। नगर में रोज मोटर साइकिल से खुलेआम शराब की पेटियां लादकर सप्लाई करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिससे विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक युवक बेखौफ तरीके से मोटर साइकिल पर शराब की पेटियां लादकर ले जाते हैं। जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें रेल्वे फाटक बंद होने से दोनों युवक काफी देर तक मोटर साइकिल पर पेटिया लादकर खड़े नजर आ रहे हैं। जो फाटक खुलते ही तेज रफ्तार से चले गए। इससे जाहिर है कि नगर में किस तरह यह धंधा बेखोफ तरीके से चल रहा है। बताया गया है शराब ठेकेदार के गुर्गे मोटरसाइकिल से आसपास से सटे ग्राम सरसेड, केथोकर,



काकुनपुरा और गुढो सहित अन्य गांवों में सप्लाई करते है ।

## मनरेगा में मनमानी : श्रमिकों की बजाय जेसीबी से खोदे जा रहे तालाब

**छतरपुर, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत करारा गंज में मनरेगा योजना के तहत तालाब की खुदाई में गड़बड़ी और मनमानी का मामला सामने आया है। दरअसल तालाब की खुदाई गांव के श्रमिकों से कराने की बजाय जेसीबी मशीन से कराई जा रही है। इससे गांव के श्रमिकों को काम न मिलने से वे काम की तलाश में पलायन के लिए मजबूर हैं।



ये मामला तब सामने आया जब ग्रामीणों ने खुदाई का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि जेसीबी मशीन से खुदाई की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पिछले करीब पांच दिनों से मशीन से तालाब खुदाई का काम कराया जा रहा है। इस काम से गांव के मजदूरों को दूर रखा गया है। ग्रामीण श्रमिकों के नाम से फर्जी मस्टर राशि निकाली जा रही है। बताया गया है तालाब खुदाई के दौरान जो मुरम निकाली गई है, उसे पंचायत द्वारा बालू माफिया को बेच दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव में मनरेगा योजना से एक तालाब जेसीबी मशीनों से खोदा जा रहा है। जिससे मजदूरों को काम न मिलने से बड़ी संख्या में गांव के लोग पलायन को मजबूर हैं। अगर जल्द ही इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई, तो वे सामूहिक रुप से जनपद कार्यालय और जिला मुख्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

बता दें कि करारा पंचायत पर पहले भी फर्जी बिल बनाने, फर्जी हाजिरी भरकर राशि निकालने, पंचायत भवन की बाउंड्री के अंदर अवैध निर्माण कराने के मामले सामने आ चुके हैं। ग्रामीणों ने कई बार जनपद सीईओ नौगांव, एसडीएम, जिला पंचायत सीईओ, सागर कमिश्नर और मुख्यमंत्री से शिकायतें करके प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराके कार्रवाई की मांग की है।

## ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरे में डूबा चंद्रपुरा, अधिकारी नहीं सुन रहे फरियाद

***गौरिहार, देशबन्धु।*** *जनपद की ग्राम पंचायत चंद्रपुरा में 6 माह पहले ट्रान्सफार्मर जल जाने से पूरा गांव अंधेरे में डूबा है। जिससे जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। इसे लेकर लोगों में तेजी से आक्रोश पनप रहा है। अफसोस इस बात का है कि अधिकारी लोगों की फरियाद नहीं सुन रहे हैं।*

*पूरे अंचल में कई-कई घण्टे से बिजली आपूर्ति बंद है, यदि आती भी है तो हर 10 मिनट में ट्रिप होती रहती है। अधिकांश जगहों पर वोल्टेज इतना डिम होता है कि अधिकांश बिजली के उपकरण शो पीस बनकर रह गए हैं। अंधेरा होने से बारिश के मौसम में जहरीले जीवों का खतरा बना रहता है। बिजली न आने से पानी की समस्या है। मोबाईल चार्ज नहीं हो पा रहे, आटा चक्की बंद पडी हैं। लोग उमस भरी गर्मी के साथ कई तरह की संक्रामक बीमारियों का शिकार भी हो रहे हैं। इस समस्या को लेकर चंद्रपुरा*




*निवासी रोहित रैकवार के नेतृत्व में सुरेंद्र सिंह, रामचंद्र कुशवाहा, रामगोपाल, छोटेलाल, राजकिशोर पाल, रामहित, छुद्दू, जयकरन, रमेशचंद्र विश्वकर्मा ने कंपनी के अधिकारी को सूचना भी दी। मगर आज तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। ग्रामीणों ने बताया बिजली न मिलने से बच्चों की पढाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया एसडीएम गौरिहार और कनिष्ठ यंत्री को शिकायती पत्र दिया था। जिस पर अधिकारियों ने आश्वासन तो दिया लेकिन यदि सुधार न हुआ तो वे आंदोलन करेंगे।*

#### इनका कहना है

*ठेकेदार की कमी से चंद्रपुरा की बिजली व्यवस्था खराब है। मैने आज ही ठेकेदार को उसे सही कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा स्टाफ से भी दो-तीन कर्मचारी मौके पर भेजे हैं, बिजली शीध्र चालू हो जाएगी।*

***अनिल कुमार पांडे***
*जेई, विद्युत गौरिहार*

सागर, मंगलवार 17 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## इजरायल-ईरान के बीच अमेरिका

इजरायल और ईरान के बीच पिछले चार दिनों से चल रही जंग और तेज होती जा रही है, और ऊटपटांग बयानों की रफ्तार भी बढ़ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह इजरायल और ईरान के बीच उसी तरह का समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं जैसा समझौता उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच मई में सैन्य टकराव के दौरान कराया था। हालांकि ट्रंप ये भी कह रहे हैं कि ईरान पर हमले में अमेरिका शामिल नहीं है, इसलिए ईरान किसी अमेरिकी ठिकाने को निशाना बनाने की गलती न करे। अगर ईरान ने ऐसा किया तो अमेरिका उसे ऐसा सबक सिखाएगा, जिसकी उसने कल्पना नहीं की होगी। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि ईरान का इस्लामी शासन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना सबसे बड़ा खतरा मानता है और उसने उनकी हत्या की भी कोशिश की थी। ईरान के साथ टकराव में खुद को ट्रंप का जूनियर पार्टनर बताते हुए नेतन्याहू ने कहा कि दोनों नेता तेहरान के परमाणु हथियार विकसित करने की कोशिशों के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं।

डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू के बयान असल में मनोवैज्ञानिक तरीके से बढ़त बनाने की कोशिश लग रही है। क्योंकि इजरायल के बड़े हमलों के बावजूद ईरान को झुकाया नहीं जा सका है और न ही उसके परमाणु किले को भेदने में इजरायल को कोई सफलता अब तक मिली है। ईरान के फोर्डो परमाणु संयंत्र तक इजरायल किसी भी तरह न पहुंच पा रहा है, न उसे नष्ट कर पा रहा है। यह संयंत्र मध्य ईरान में एक पहाड़ी के अंदर बना है। इसकी बनावट ने इसे एक किले की तरह अभेद्य बना दिया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के बेस में बने इस संयंत्र को तोड़ने के लिए शक्तिशाली बंकर बस्टर बमों की जरूरत है, जिसे अमेरिकी बी-2 बॉम्बर्स से गिराया जा सकता है, इजरायल के पास यह अभी नहीं है, इसलिए वह चाहता है कि किसी भी तरह अमेरिका इस युद्ध में सीधे तौर पर शामिल हो जाए।

इजरायल ने परमाणु हथियार को बहाना बनाकर ईरान पर हमला बोला है। हालांकि ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशिकयन ने एक बार फिर कहा है कि उनका इरादा परमाणु हथियार बनाने का नहीं है। याद कीजिए अमेरिका ने इराक पर विनाशकारी हथियार होने का आरोप लगाते हुए इसी तरह हमला किया था, सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ा दिया, लेकिन वो हथियार इराक से कभी बरामद ही नहीं हुए, क्योंकि थे ही नहीं। अब ईरान के साथ ऐसा ही करने की कोशिश हो रही है। लेकिन यहां अमेरिका इजरायल का साथ देगा तो फंस जाएगा। क्योंकि इस साल मार्च में अमेरिका की राष्ट्रीय ख़ुफ़िया निदेशक तुलसी गबार्ड ने अमेरिकी कांग्रेस को बताया था कि ईरान का 'समृद्ध यूरेनियम भंडार' अपने उच्चतम स्तर पर है लेकिन उन्होंने ये भी कहा था कि अमेरिकी ख़ुफ़िया तंत्र के आकलन के अनुसार ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है क्योंकि ईरान के सर्वोच्च नेता ने परमाणु हथियार कार्यक्रम को अधिकृत नहीं किया है। वहीं अमेरिका में आर्म्स कंट्रोल एसोसिएशन में परमाणु अप्रसार नीति की निदेशक केल्सी डेवनपोर्ट ने कहा, 'अगर नेतन्याहू के पास परमाणु प्रसार के ख़तरे की जानकारी होती, तो वो उसे अमेरिका के साथ साझा करते। लेकिन अब तक उन्होंने कोई ठोस सबूत नहीं दिए हैं।'

वैसे पिछले हफ़्ते आईएईए की रिपोर्ट में कहा गया था कि ईरान ने 60फीसदी शुद्धता तक समृद्ध यूरेनियम जमा कर लिया है। एजेंसी के अनुसार अगर ये स्तर 90फीसदी तक पहुंचा तो तकनीकी तौर पर इससे नौ परमाणु बम बनाए जा सकते हैं। इसलिए इजरायल को अगर सचमुच ईरान को परास्त करना है तो उसे किसी भी तरह फोर्डो को ध्वस्त करना होगा, अगर वो इस में नाकाम रहता है तो अब तक ईरान को जितना नुकसान हुआ है, उसके बावजूद उसे झुकाना मुश्किल होगा। इजरायल किसी भी तरह अमेरिका को साथ लेना चाहता है, लेकिन ट्रंप राजनेता से पहले व्यापारी हैं तो वह अपना मुनाफा देखकर ही ईरान के साथ युद्ध में उलझेंगे। अभी तो इजरायल का अघोषित पार्टनर बनकर ही काम चल रहा है।

ईरान को रूस और चीन का साथ तो मिल ही चुका है, पाकिस्तान ने सारे इस्लामिक देशों को ईरान के साथ खड़े होने का आह्वान किया है। इधर कतर और ओमान को ईरान ने साफ कर दिया है कि इजरायली हमले का जवाब देने के बाद ही सीज़फायर पर बात हो सकती है। इस संदेश से साफ है कि ईरान पूरी ताकत से दुनिया के शक्तिशाली देशों के सामने खड़ा है। जिस तरह गरीब वियतनाम ने अरबों रूपए युद्ध में लगाने वाले अमेरिका को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था क्या वही इतिहास एक बार फिर दोहराया जाएगा, यह देखना होगा। वैसे तो यूक्रेन भी रूस के साथ जंग जारी रखे हुए है, लेकिन यूक्रेन को अमेरिका और पश्चिमी देशों का समर्थन मिल रहा है। मगर ईरान समय अकेला डटा हुआ है और अब यमन के हूती विद्रोही भी इजरायल पर हमला बोलकर ईरान का साथ दे रहे हैं। गज़ा को खत्म करने की सनक में इजरायल पहले ही काफी नरसंहार कर चुका है और इसके खिलाफ इजरायली जनता में भी नाराजगी है। और अभी तो इजरायल की राजधानी समेत हाईफा जैसे व्यापार के लिहाज से प्रमुख शहरों पर ईरान के हमले हो रहे हैं तो इसका असर इजरायल की आर्थिक स्थिति पर भी पड़ेगा। अडानी जैसे जिन व्यापारियों के अरबों डॉलर इजरायल में लगे हुए हैं, वे आखिर कब तक इस नुकसान को बर्दाश्त कर पाएंगे। जाहिर वे इजरायल और अमेरिका पर दबाव बनाएंगे।

तो कुल मिलाकर इस समय इजरायल और अमेरिका दोनों की हालत ईरान के सामने बिगड़ रही है। हालांकि ईरान को भी इजरायल के हमलों में बड़े नुकसान हो चुके हैं, उसके कई परमाणु वैज्ञानिकों की जान इजरायल ले चुका है। इजरायल ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई को भी निशाने पर लेने जा रहा था, लेकिन अमेरिका की चेतावनी के बाद इजरायल ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। क्योंकि अमेरिका जानता है कि खामेनेई को अगर कुछ हुआ तो इसका व्यापक असर इस्लामिक देशों के साथ उसके संबंध पर पड़ेगा।

# दुनिया में मित्रविहीन क्यों होता जा रहा है भारत?



राजेंद्र शर्मा

> स्वाभाविक रूप से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रचंड बहुमत से गज़ा के खिलाफ जंग बंद किए जाने का प्रस्ताव स्वीकार किया। 149 देशों ने प्रस्तावे के समर्थन में वोट किया, जबकि इजरायल तथा अमेरिका समेत कुल 12 देशों ने प्रस्ताव खिलाफ वोट किया। लेकिन पूरी तरह से अप्रत्याशित न होते हुए भी बहुतों को हैरान करते हुए, भारत ने उन 18 अन्य देशों के साथ वोट किया, जिन्होंने खुद को इस प्रस्ताव पर मतदान से अलग रखे जाने के लिए मतदान किया था।

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि करीब पांच दर्जन सांसदों तथा कूटनीतिज्ञों के सात दलों के 33 देशों के दौरे से भी, कम से कम विदेश नीति के मामले में मोदी सरकार ने कोई सबक नहीं लिया लगता है। यह तब है जब जैसा कि आम तौर पर सभी जानते भी हैं और मानते भी हैं, 7 से 10 मई के बीच भारत और पाकिस्तान के बीच हुई सैन्य झड़पों की पृष्ठभूमि में मोदी सरकार को, जो राजनीति में उभयपक्षीयता के विचार से सिर्फ कोसों दूर ही नहीं है, एक प्रकार से इस तरह की परंपराओं की शत्रु ही बनी रही है, दुनिया भर में इन बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजने की जरूरत इसीलिए महसूस हुई थी कि, उक्त टकराव के संदर्भ में भारत की विदेश नीति पूरी तरह से विफल रही थी। जैसाकि सभी ने दर्ज किया था, मोदी राज की विदेश नीति के 11 साल का हासिल यही था कि छोटे से बड़ा तक और विकसित से पिछड़ा तक, दुनिया का एक भी देश इस टकराव में स्पष्ट रूप से भारत का पक्ष लेने के लिए सामने नहीं आया था। और तो और रूस जैसा भारत का सदाबहार मददगार और समर्थक तक, दुविधाग्रस्त नजर आ रहा था। बाकी सारी दुनिया को छोड़ भी दें तो हमारा एक भी पड़ौसी देश, दक्षिण एशिया का कोई भी देश, भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ था। अलबत्ता, अफगानिस्तान ही इस मामले में अपवाद साबित हुआ था, जहां की तालिबान सरकार के साथ बढ़ती नजदीकियों के बावजूद, भारत अब तक उसे कूटनीतिक मान्यता देने की हिकमत नहीं जुटा पाया है।

इस कूटनीतिक आउटरीच कार्यक्रम के बाद, इन बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से प्रधानमंत्री मोदी ने बहुप्रचारित मुलाकात भी की थी। इस मुलाकात के संबंध में प्रेस में आए कुछ ब्यौरों में, प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों द्वारा इन दौरों में बने अपने इंप्रैशन बेलाग तरीके से प्रधानमंत्री से साझा किए जाने के जोर-शोर से दावे किए गए हैं, हालांकि विवरणों पर प्राय: चुप्पी साध ली गयी है। फिर भी यह मानने का कोई कारण नहीं है कि कम से कम राजनीतिक राय के इंद्रधनुष के अधिकांश रंगों का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों ने सारे संकोच के बावजूद, इन विदेश दौरों के अपने वास्तविक इंप्रैशन प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, कम से कम इशारतन, प्रधानमंत्री से साझा नहीं किए होंगे। इनमें इसे समझने के लिए कुछ-न-कुछ संकेत भी जरूर रहे होंगे कि आंतकवाद जैसे मुद्दे पर भी भारत आज दुनिया में इतना अलग-थलग क्यों है? लेकिन, प्रधानमंत्री की उक्त बैठक के बाद का मोदी सरकार का प्रकट कूटनीतिक आचरण यही दिखाता है यह सरकार न कुछ भी न सीखने को तैयार है और न रत्तीभर बदलने को।

उक्त प्रतिनिधिमंडलों की स्वदेश वापसी के फौरन बाद, मोदी सरकार की कूटनीति की महत्वपूर्ण परीक्षा एक नहीं दो अलग-अलग किन्तु परस्पर जुड़े हुए मामलों में हुई। इनमें से पहला मामला इजरायली नरसंहार की शिकार गज़ा की जनता की प्राण रक्षा के लिए, तुरंत युद्धविराम कराने के संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव का था। गज़ा पर दो साल से ज्यादा से जारी इजरायली हमलों में साठ हजार से ज्यादा असैनिक मारे जा चुके हैं, जिनमें बहुमत बच्चों और महिलाओं का ही है। इस नरसंहारकारी युद्ध में इजरायल सिर्फ हवाई हमलों से लेकर जमीनी चढ़ाई तक, सैन्य हथियारों का ही इस्तेमाल नहीं कर रहा है बल्कि घेरेबंद गज़ा में न्यूनतम आपूर्तियां तक पहुंचने के रास्ते बंद करने के जरिए, भूख को समान रूप से घातक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है और गज़ावासियों को सामूहिक दंड के रूप में भुखमरी में धकेल रहा है। हैरानी की बात नहीं है कि विश्व न्यायिक मंचों ने इस मामले में इजरायल को युद्ध अपराधों का दोषी तक करार दिया है।

स्वाभाविक रूप से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रचंड बहुमत से गज़ा के खिलाफ जंग बंद किए जाने का प्रस्ताव स्वीकार किया। 149 देशों ने प्रस्तावे के समर्थन में वोट किया, जबकि इजरायल तथा अमेरिका समेत कुल 12 देशों ने प्रस्ताव खिलाफ वोट किया। लेकिन पूरी तरह से अप्रत्याशित न होते हुए भी बहुतों को हैरान करते हुए, भारत ने उन 18 अन्य देशों के साथ वोट किया, जिन्होंने खुद को इस प्रस्ताव पर मतदान से अलग रखे जाने के लिए मतदान किया था। भारत का यह रुख इसलिए और भी हैरान करने वाला था कि इससे पहले भारत ने, दो साल पहले इसी तरह के जंगबंदी के संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया था। यह समझना वाकई तर्क से परे था कि संयुक्त राष्ट्र संघ के पिछले और इस ताजातरीन प्रस्ताव के बीच ऐसा क्या बदल गया था, जो मोदी का भारत जंगबंदी की मांग का समर्थन करना छोड़कर, इस मांग पर तटस्थता का रुख अपनाने पर आ गया था! बेशक, गज़ा के खिलाफ इजरायली सैन्य कार्रवाइयों की शुरूआत से ही मोदी सरकार, फिलिस्तीन के समर्थन के भारत के परंपरागत रुख के विपरीत, जिसकी जड़ें भारत के अपने साम्राज्यवादविरोधी स्वतंत्रता संग्राम में थीं, आमतौर पर इजरायलपरस्त रुख ही अपनाए रही है। लेकिन, गज़ा में नरसंहार रोके जाने पर भी तटस्थ हो जाने की हद तक इजरायलपरस्ती तो, मोदी सरकार के मानकों के हिसाब से भी नयी ही है। कहने की जरूरत नहीं है कि अपनी इस पल्टी से भारत ने खुद को दुनिया भर से, जिसमें जाहिर है कि सबसे बड़ी संख्या विकासशील देशों की ही है, अलग ही कर लिया। यहां तक कि भूटान जैसे देश ने भी भारत से भिन्न रुख अपनाते हुए, प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया।

इसके फौरन बाद, मोदी राज की विदेश नीति की दूसरी परीक्षा भी हो गयी। इस परीक्षा का भी संबंध इजरायली आक्रामकता से था, जिसका प्रदर्शन इजरायल पश्चिमी विकसित दुनिया के पूरे-पूरे समर्थन के बल पर ही करता आया है। गज़ा के खिलाफ अपने नरसंहारकारी हमले के बीच, इजरायल ने अचानक ईरान पर सैकड़ों जंगी जहाजों, ड्रोनों और मिसाइलों से हमला कर दिया। इस हमले में ईरानी सेना के कुछ शीर्ष नेताओं तथा देश के कई प्रमुख नाभिकीय वैज्ञानिकों समेत सैकड़ों लोग मारे गए। इनमें से अनेक की टार्गेट कर के हत्याएं की गयी थीं, जिसमें इजरायल को खास महारत हासिल है। स्वाभाविक रूप से, ईरान ने इस हमले का जवाब देने का ऐलान किया है और इससे दोनों के बीच व्यापक लड़ाई छिड़ सकती है।

इजरायल ने यह हमला इसके नाम पर किया है कि वह ईरान को नाभिकीय हथियार बनाने से रोकना चाहता है और इसलिए उसके नाभिकीय प्रतिष्ठान पर हमला किया गया है। लेकिन, इजरायल को जो पश्चिम की कृपा से नाभिकीय हथियार लिए बैठा है, इसके नाम पर हमला करने का अधिकार किसने दिया है? फिर यह बहाना भी कितना झूठा है, इसका अंदाजा एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि यह हमला, ठीक ईरान के नाभिकीय कार्यक्रम के प्रश्न पर ही, अमेरिका और ईरान के बीच जारी वार्ताओं के बीच में किया गया है, जब दोनों के बीच पांच दौर की वार्ता हो चुकी थी और छठे दौर की वार्ता अगले ही दिन होनी थी। इस हमले में ईरानी पक्ष के वार्ताकारों की चुन-चुनकर हत्या कर दी गयी। हैरानी की बात नहीं है कि इस हमले की व्यापक रूप से निंदा हो रही है। लेकिन, शंघाई सहयोग संगठन ने, जिसका भारत पूर्ण सदस्य है, जब इस इजरायली हमले की निंदा के एक प्रस्ताव पर विचार करने के लिए बैठक बुलाई, मोदी के भारत ने इस बैठक से ही खुद को अलग कर लिया। इस सबके बाद, 'ग्लोबल साउथ' यानी विकासशील दुनिया का 'प्रवक्ता' होने के भारत के दावे, एक भद्दा मजाक ही लगते हैं।

बेशक, यह महज इजरायल प्रेम का ही मामला नहीं है। मोदी राज के इजरायल प्रेम का सीधा संबंध, इजरायल की पीठ पर अमेरिका समेत समूची साम्राज्यवादी दुनिया का हाथ होने से है। मोदी राज की विदेश नीति की मुख्य पहचान, जो उसे भारत की स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत और आजादी के बाद के पांच दशक से ज्यादा की भारत की विदेश नीति से बुनियादी तौर पर अलग करती है, उसका भारत को साम्राज्यवादी मंसूबों का जूनियर पार्टनर बना देना है। यह दूसरी बात है कि मोदी राज के इजरायल प्रेम में, अमेरिका समेत साम्राज्यवादी ताकतों के प्रेम के अलावा एक तत्व और भी शामिल है, जो इस विदेश नीति को उसकी घरेलू नीति का प्रत्यक्ष विस्तार बनाता है। यह तत्व है, मुस्लिमविरोध, जो संघ-भाजपा के मुस्लिम विरोध का दोस्ताना, इजरायली यहूदीवादियों के इस्लामविरोध से जोड़ता है।

इसी सब के चलते, मोदी राज के 11 साल में, खासतौर पर विकासशील दुनिया में, भारत की नैतिक प्रतिष्ठा ध्वस्त हो गयी है। जो भारत कभी गुटनिरपेक्ष आंदोलन के माध्यम से विकाशील दुनिया की सबसे भरोसेमंद आवाज हुआ करता था, अब अपने मुंह से विकासशील दुनिया की ओर से बोलने के दावे भले ही करे, विकासशील देश उस पर रत्तीभर विश्वास नहीं करते हैं। दूसरी ओर, पश्चिम की पंगत में किसी तरह शामिल होने के लालच में विकासशील दुनिया के हितों की ओर से मुंह मोड़ने के ईनाम के तौर पर उसे निचली मेजों के न्यौते जरूर मिल रहे हैं, लेकिन वहीं तक जहां तक सामराजी मंसूबों के लिए उसका उपयोग है। दूसरी ओर, मोदी राज में देश में जो कुछ हो रहा है और खासतौर पर धर्मनिरपेक्षता समेत सभी प्रमुख पहलुओं से जिस तरह जनतंत्र का त्याग किया जा रहा है, वह विकासशील दुनिया के साथ-साथ, पश्चिम की इस बारात में भी उसकी उपस्थिति को असहज और असामान्य बनाता है। जिसका पता अनेकानेक सूचकांकों पर भारत के खराब प्रदर्शन से चलता है। नतीजा यह कि विश्व समुदाय में भारत का कद घटता जा रहा है और उसके मित्रों का दायरा तेजी से सिकुड़ता जा रहा है।

जैसे-तैसे कर के जी-7 के आउटरीच कार्यक्रम का न्यौता हासिल करने और शर्तों पर न्यौता हासिल करने के बाद, नरेंद्र मोदी जिस तरह लपक कर कनाडा समेत तीन देशों की पांच दिन की यात्रा पर रवाना हुए हैं, वह यही दिखाता है कि वर्तमान शासन में विदेश नीति, विदेश में नरेंद्र मोदी की छवि चमकाने का औजार भर बनकर रह गयी है, ताकि विश्व नेता की इस छवि के प्रतिबिंबन से, देश के लोगों को चकाचौंध किया जा सके। ऐसी विदेश नीति से ज्यादा समय तक तो विदेश में राष्ट्रीय गोदी पूंजीपति के हितों तक को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है, भारत जैसे विशाल देश के हितों को आगे बढ़ाने का तो सवाल ही कहां उठता है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल यातायात पर ईरान क्या करेगा?

■ के रवींद्रन

ईरान पर इजरायल के हमले ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक परिचित तनाव को फिर से जगा दिया है, जिससे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चली गयीं। अब विश्लेषकों और रणनीतिकारों द्वारा तैयार किये जा रहे कई परिदृश्यों में से एक सबसे अधिक महत्वपूर्ण है: क्या ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को निशाना बनायेगा? फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से अलग करने वाला यह संकीर्ण जलमार्ग लंबे समय से वैश्विक तेल व्यापार में सबसे महत्वपूर्ण चोकपॉइंट माना जाता है। लगभग 120लाख बैरल कच्चा तेल प्रतिदिन इससे होकर गुजरता है-जो वैश्विक खपत का 20 प्रतिशत से अधिक है। इस मात्रा का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा एशिया से जुड़ा है, जो भारत और चीन से लेकर जापान और दक्षिण कोरिया तक क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की ऊर्जा जीवन रेखाओं को बनाये रखने में जलडमरूमध्य की अपरिहार्य भूमिका को रेखांकित करता है।

> जो बात वर्तमान परिदृश्य को और अधिक अनिश्चित बनाती है, वह यह है कि जलडमरूमध्य के लिए उपलब्ध विकल्प सीमित और पूर्ण प्रवाह निरंतरता बनाये रखने के लिए अपर्याप्त हैं। सऊदी अरब ईस्ट-वेस्ट पाइप लाइन का संचालन करता है, जो पूर्वी प्रांत से तेल को लाल सागर तक ले जाता है, जो जलडमरूमध्य को पूरी तरह से दरकिनार कर देता है। इसी तरह, यूएई हबशान-फ़ुजैरा पाइप लाइन का उपयोग करता है, जिससे कुछ तेल होर्मुज से गुज़रे बिना वैश्विक बाजारों तक पहुंच जाता है।

अभी तक, बाजार की भावना सतर्क हिचकिचाहट की स्थिति में प्रतीत होती है। कीमतों में उछाल सार्थक रहा है, लेकिन अव्यवस्थित नहीं, मुख्यत: इसलिए क्योंकि ईरान की प्रतिक्रिया अभी भी अनिश्चित है। यदि इतिहास कोई मार्गदर्शक है, तो ईरान इजरायली सैन्य स्थलों या क्षेत्रीय प्रॉक्सी को लक्षित करके एक सुनियोजित जवाबी कार्रवाई का विकल्प चुन सकता है, जिससे व्यापक टकराव से बचा जा सके। इस तरह के कदम, सुर्खियां बटोरने के बावजूद, आमतौर पर तेल की कीमतों में केवल अल्पकालिक उछाल लाते हैं।

लेकिन इस बार, गणित अलग लगता है। अगर ईरान सऊदी अरब या यूएई में तेल के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर, या होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने या बाधित करने का प्रयास करके- तो तेल की कीमतें बहुत अधिक अस्थिर चरण में प्रवेश कर सकती हैं। ये सैद्धांतिक जोखिम नहीं हैं। ईरान के पास जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकी देने का एक लंबा रिकॉर्ड है, और हालांकि यह कभी भी पूरी तरह से सफल नहीं हुआ है, लेकिन इसकी पिछली कार्रवाइयों - मिसाइल लॉन्च से लेकर तेल टैंकरों को जब्त करने तक- ने साबित कर दिया है कि इसमें महत्वपूर्ण व्यवधान और अनिश्चितता पैदा करने की क्षमता है।

जो बात वर्तमान परिदृश्य को और अधिक अनिश्चित बनाती है, वह यह है कि जलडमरूमध्य के लिए उपलब्ध विकल्प सीमित और पूर्ण प्रवाह निरंतरता बनाये रखने के लिए अपर्याप्त हैं। सऊदी अरब ईस्ट-वेस्ट पाइप लाइन का संचालन करता है, जो पूर्वी प्रांत से तेल को लाल सागर तक ले जाता है, जो जलडमरूमध्य को पूरी तरह से दरकिनार कर देता है। इसी तरह, यूएई हबशान-फ़ुजैरा पाइप लाइन का उपयोग करता है, जिससे कुछ तेल होर्मुज से गुज़रे बिना वैश्विक बाजारों तक पहुंच जाता है। हालांकि, ये मार्ग एक साथ केवल लगभग 60 लाख बैरल प्रतिदिन संभालते हैं - जो आमतौर पर जलडमरूमध्य से गुजरने वाली मात्रा का बमुश्किल आधा है। इस प्रकार कोई भी लंबे समय तक व्यवधान एक बड़ी बाधा उत्पन्न करेगा, जिससे रिफाइनर, व्यापारी और सरकारें रणनीतिक भंडारों को कम करने या वैकल्पिक स्रोतों के लिए संघर्ष करने के लिए मजबूर होंगी, जिससे कीमतें तेजी से बढ़ेंगी।

इसके अलावा, होर्मुज जलडमरूमध्य की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति चुनौती को और बढ़ा देती है। जलडमरूमध्य का सबसे संकरा बिंदु केवल 21 मील चौड़ा है, जिसमें शिपिंग लेन दोनों दिशाओं में केवल दो मील चौड़ी हैं। यह ओमान के साथ साझा है, लेकिन ईरान की निकटता और इसके उत्तरी तटों पर नियंत्रण इसे जल पर काफी प्रभाव डालने की अनुमति देता है। ईरान ने पहले टैंकरों को अपने जल में गलत दिशा में ले जाने के लिए जीपीएस सिग्नल जाम करने जैसी रणनीति का इस्तेमाल किया है, साथ ही जहाजों को परेशान करने या जब्त करने के लिए तेज़ नावों को तैनात किया है - ऐसे कदम जो जरूरी नहीं कि तेल के प्रवाह को रोकें लेकिन यात्रा को जोखिम भरा और अधिक महंगा बनाते हैं। शिपमेंट पर बीमा प्रीमियम बढ़ता है, और इसी तरह चार्टर दरें और माल ढुलाई लागत भी बढ़ती है, जो सभी वैश्विक तेल के लिए बढ़ती लागत आधार में योगदान करते हैं।

जटिलता की एक और परत क्षेत्र में अमेरिकी नौसैनिक बलों की उपस्थिति है, जिन्हें जलडमरूमध्य के माध्यम से मुक्त मार्ग सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। अगर ईरान अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाता है- चाहे वह फारस की खाड़ी में हो या मध्य पूर्व में स्थित ठिकानों पर-तो संघर्ष नाटकीय रूप से बढ़ने का जोखिम है। ऐसी स्थिति में जोखिम में निरंतर वृद्धि देखने को मिलेगी

तेल की कीमतों में उछाल, संभवत: 100 के निशान से भी ऊपर चली जायेगी, क्योंकि बाजार की कीमतें एक बार की झड़प के बजाय एक लंबे समय तक चलने वाले व्यवधान पर निर्भर हैं।

यह भी महत्वपूर्ण है कि जिस व्यापक रणनीतिक माहौल में यह सब हो रहा है, उस पर विचार किया जाये। वैश्विक तेल बाजार कोविड युग के झटकों से धीरे-धीरे उबर रहा है, आपूर्ति-मांग संतुलन सख्त हो रहा है, लेकिन अभी भी नाजुक है। ओपेक+ अपनी उत्पादन रणनीति के साथ सतर्क रहा है, तथा अतिरिक्त क्षमता का प्रबंधन करते हुए मूल्य स्थिरता बनाये रखने का प्रयास कर रहा है। कोई भी भू-राजनीतिक झटका जो आपूर्ति को और कम कर देता है, इस संतुलन को बिगाड़ सकता है, खासकर अगर यह उत्तरी गोलार्ध में मौसमी मांग में वृद्धि के साथ मेल खाता हो।

मध्य पूर्वी तेल के दो सबसे बड़े उपभोक्ता चीन और भारत भी बढ़ती बेचैनी के साथ स्थिति को देख रहे हैं। दोनों अपने तेल आयात में विविधता ला रहे हैं और रणनीतिक भंडार बना रहे हैं, लेकिन दोनों में से कोई भी आसानी से होर्मुज के माध्यम से बहने वाले तेल की मात्रा को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है। लंबे समय तक व्यवधान का खतरा उन्हें पर्दे के पीछे कूटनीतिक रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित कर सकता है, जो संभवत: खाड़ी सहयोगियों पर निर्भर हो सकता है या तनाव को कम करने के लिए तेहरान के साथ लाभ का उपयोग कर सकता है। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका, हालांकि पिछले दशकों की तुलना में मध्य पूर्वी तेल पर कम निर्भर है, अपनी सुरक्षा प्रतिबद्धताओं और क्षेत्र में व्यापक भू-राजनीतिक हितों के कारण एक प्रमुख खिलाड़ी बना हुआ है।

## आपके पत्र

### गुस्साए इजरायल ने फिर ईरान पर किया हमला

एक तरफ यहूदी और दूसरी तरफ मुस्लिम राष्ट्र के बीच मिसाइल हमलों से जहर उगलते बन रहा है और न निगलते बन रहा है। शुक्रवार के दिन ईरान के हमले से इजरायल के तीन, नागरिक मरने के बाद शनिवार को ही इजरायल ने ईरान पर मिसाइलें दागी है जिससे ईरान को भारी नुकसान हुआ है। यह विश्व युद्ध की तरफ इशारा करता दिखाई दे रहा है। बड़े-बड़े शक्तिशाली देशों के बीच तनातनी से युद्ध से हालात खराब हो गए है। रूस - यूक्रेन भारत- पाकिस्तान और ईरान -इजरायल के बीच हमले तीसरे विश्व युद्ध की तरफ इशारा है। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेत्यान्हू ने अंतराष्ट्रीय अपील को खारिज करते हुए हमले यथावत जारी रखने के निर्देश दिए हैं। इजरायल ने ईरान के प्रतिष्ठानों और सैन्य ठिकानों पर हमले किये। चारों तरफ मुस्लिम राष्ट्र की आबादी है और बीच में एक ही शक्तिशाली देश इजरायल को कोई चुनौती देने की हिम्मत नहीं कर सकता। टेक्नालॉजी में अग्रणी देश इजरायल की आबादी एक करोड़ के आसपास है और हर घर से एक नागरिक को सेना में भर्ती होना ही पड़ता है। यह संविधान है फिर प्रधानमंत्री का घर ही क्यों न हो ।देश की सही ताकत सैनिकों के हाथ में है। इजरायल के हमले में 138 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। ईरान ने भी कहा है कि इजरायल को बहुत भुगतना पड़ेगा। ईरान ने तिनसों बैलेस्टिक मशीन दागी है। ताजा हमलों में ईरानी को निशाना बनाया है। ईरान चुप नहीं बैठने वाला है। इजरायल का एक ही मकसद है। आतंकवाद को इस धरती से खत्म करना है। भारत ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। वैसे ही कई देश आतंकवाद को जड़-मूल से खत्म करने की फिराक में है। अगर यही स्थिति रही तो दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध के बादल मंडराने लग सकते हैं। शांति बनाए रखने की भी अपील विश्व समुदाय कर रहा है। दुनिया की स्थितियों पर अंतराष्ट्रीय समुदाय नजर बनाए हुए है। युद्ध किसी भी काल में संभव नहीं है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### राजनीति में वंचित समाज के लिए जगह कहाँ?

*'राष्ट्रपति चुनाव में आदिवासी उम्मीदवार और अपने पुराने मित्र पी.ए. संगमा का खुला समर्थन कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरविन्द नेताम ने इस प्रौढावस्था में अपना राजनीतिक भविष्य, जितना भी बाकी है, खतरे में डाल दिया। कहा जा सकता है कि उन्होंने जानते-बूझते अपने लिए मुसीबत मोल ली। कांग्रेस ने उन्हें पार्टी की सदस्यता से तो निलंबित कर ही दिया है, हो सकता है कि आगे कोई और बड़ी कार्रवाई हो। हम यह समझना चाहते हैं कि 1971 में मात्र उनतीस या तीस वर्ष की आयु में जिस व्यक्ति को इंदिरा गांधी ने अपने मंत्रिमण्डल में शामिल किया उसे आज की कांग्रेस पार्टी संभालकर क्यों नहीं रख सकी! इसी प्रश्न से दूसरा बड़ा सवाल उठता है कि कांग्रेस हो या भाजपा या अन्य कोई दल- उसमें आदिवासियों के लिए कितनी जगह है।'*

*सच पूछा जाए तो इस प्रसंग से उजागर होता है कि भारत की राजनीतिक दलों में आंतरिक जनतंत्र किस तरह कमजोर है और उसमें समाज के कमजोर वर्गों की हैसियत किस तरह दोयम दर्जे की बना दी गई है। ऐसा क्यों हुआ है कि किसी भी पार्टी में आदिवासी, दलित व हाशिए के अन्य समुदायों को राजनीति में निर्णायक अथवा प्रबल भूमिका निभाने के लिए या तो तैयार किया ही नहीं गया या उन्हें स्वयं तैयार होने का अवसर नहीं दिया गया। पी.ए. संगमा, गिरधर गोमांग, अमर सिंह चौधरी और अरविंद नेताम- ये कुछ आदिवासी नेता हैं जो सत्तर के दशक में उभरे। इनमें पी.ए. संगमा ही केन्द्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण हैसियत हासिल कर सके। बाकी के साथ राजनीति के भीतर लगभग वैसा ही व्यवहार हुआ जैसा आम जीवन में प्रभुत्वशाली वर्ग बस्तर या झाबुआ के आदिवासियों के साथ करता है।*

**( देशबन्धु में 05 जुलाई 2012 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2012/07/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### जीवन का शोधन है त्याग

त्याग प्राप्ति और प्रगति का नवचरण है। त्याग ही जीवन है। त्याग जीवन का सारांश है। इसके बिना जीवन की परिकल्पना संभव नहीं है। त्याग जीनन का एक आवश्यक धर्म है। यह अशुभ के स्थान पर शुभ की प्रतिष्ठा का नियम है। अशुभ के स्थान पर शुभ की प्रतिष्ठा का नियम है। एक को छोड़ने पर ही दूसरे की प्राप्ति संभव होती है। रखा हुआ कदम उठाकर ही पथ पर आगे नवचरण धरा जा सकता है। शुद्ध वायु ग्रहण करने के लिए फेफड़ों में स्थित अशुद्ध वायु को छोड़ना पड़ता है। संग्रह करने से, पदार्थों को चिपकाए रखने से तो जीवन गति में विषमता पैदा हो जाती है। रुका हुआ पानी सड़ने लगता है।

त्याग बिना विकास, प्रगति, उन्नति का पथ प्रशस्त नहीं होता। जब हम किन्हीं पदार्थों, परिस्थितियों, यहां तक कि विचारों, भावनाओं में बंधे पड़े रहते हैं, तब तक अन्य विषयों की ओर हमारी गति ही नहीं होगी। इसलिए किसी वस्तु या विषय विशेष से बंधना,उसमें लिप्त रहना सर्वथा त्याज्य है। जो कुछ हमारे पास है, हम जो कुछ भी जानते हैं उसे हम अपनी उन्नति का आधार बना सकते हैं। जिस सीढ़ी पर आप खड़े हैं, उसका सहारा लेकर ऊपर उठ सकते हैं, लेकिन अंतत: सीढ़ी हमें छोड़नी ही पड़ेगी। यह असंभव है कि हम उस पर खड़े भी रहें और ऊपर भी पहुंच जाएं। जीवन की पगडंडी बड़ी लंबी है. संसार का क्षेत्र बड़ा विस्तृत है.आगे बढ़ने के लिए, प्राप्त करने के लिए हमें नित्य त्याग करना ही पड़ेगा। यहां कोई भी तो ऐसा धाम नहीं है, जहां पहुंचकर कह सकें कि बस हमारी यात्रा पूरी हो गई, अब यहां से हटना नहीं है। जब तक जीवन है, संसार है तब तक हमें छोड़ना पड़ेगा, त्याग करते रहना होगा। इसलिए त्याग कीजिए 'मैं' और 'मेरेपन' का, ताकि हम 'परम सत्ता' की अनुभूति कर सकें। जब तक मैं है, हम परमात्मा की विराट सत्ता की अनुभूति प्राप्त नहीं कर सकेंगे। मेरेपन के कारण वस्तुओं, पदार्थों, विषयों की सीमा से बाहर नहीं, निकल सकेंगे। ऐसी स्थिति में हम विश्वचक्र गति से पिछड़ जाएंगे। चूंकि सारा संसार ही त्याग धर्म पर चल रहा है, अत: संग्रह और रोके रखने की वृत्ति हमारे लिए जीवन में संघर्ष पैदा कर देगी।

यहां का धर्म है कि विश्व जीवन को गति देने कुछ न कुछ त्याग किया जाए। यदि आप चाहेंगे कि मैं नहीं दूंगा, मैं नहीं छोड़ूंगा तो ऐसी स्थिति में विश्व प्रकृति के विरोध का सामना करना पड़ेगा और तब आपको विवश होकर एक पराजित योद्धा की तरह छोड़ना पड़ेगा तो क्यों न स्वेच्छा से त्याग करके विश्वचक्रम में सहयोग दिया जाए। इससे दो लाभ होंगे-एक स्वधर्म पालन करने का संतोष, दूसरे हमारा जीवन एकाकी,संकीर्ण न रह कर विश्वजीवन से संयुक्त हो जाएगा। हम जीवन की उच्च भूमिकाओं में प्रवेश पा सकेंगे। चूंकि त्याग एक को हटाकर दूसरे की प्रतिष्ठा का अवसर देता है, इसलिए मन, कर्म, वचन से अशुभ का त्याग कीजिए। जिस तरह द्वार की किवाड़ों को खोलते ही सूर्य का प्रकाश सहज भवन को प्रकाशित कर देता है, उसी तरह जीवन ले अशुद्ध तत्वों को निकाल देने पर शुभ का उदय स्वत: हो जाता है, बुराइयों के छूटते ही अच्छाइयां स्वत: पैदा हो जाती हैं। ईर्ष्या, द्वेष, मोह, लोभ आदि बुराइयों के छूटने पर दया,प्रेम,करुणा, श्रद्धा, तितिक्षा, शम,दम आदि सात्विक तत्वों का उदय होने लगता है।

**-अखंड ज्योति**

पचमढ़ी में भाजपा के प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन, शिवप्रकाश बोले-

# कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को सुनें और उन्हें सम्मान दें





**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि संगठन एक जीवित शरीर की तरह होता है, जिसमें हर अंग का समन्वय जरूरी होता है। तभी संगठन अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकता है। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि वे विधायकों की बात को गंभीरता से लें।

### अनुशासन, समन्वय और जनसंपर्क पर दिया जोर

पचमढ़ी में पार्टी के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन श्री शिवप्रकाश और वरिष्ठ नेताओं ने मंत्री, सांसद और विधायकों को अनुशासन, समन्वय और जनसंपर्क की बारीकियां सिखाईं। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि आपके पास ज्यादा जिम्मेदारी है। मंत्री और विधायकों के बीच समन्वय की कमी रही तो सरकार और संगठन दोनों के लिए मुश्किलें खड़ी हो जाती है। उन्होंने विधायकों से भी आग्रह किया कि वे कार्यकर्ताओं की बात सुनें और उन्हें सम्मान दें। उन्होंने सलाह दी कि हर विधायक को कार्यकर्ता और मतदाताओं से संवाद बनाए रखना चाहिए। अगर कोई कॉल रिसीव नहीं कर पा रहे हैं तो समय निकालकर कॉल बैक करें, जरूरत पड़ी तो कार्यालय से भी संपर्क करवाएं। अगर समस्या हल नहीं हो सकती तो भी उन्हें समझाएं और भरोसे में लें।

### सोशल मीडिया पर बताए सरकार की उपलब्धियां : तावड़े

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया सत्र में विधायकों और सांसदों से इसमें सक्रिय रहने की बात कही। सोशल मीडिया के विषय में उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पहुंचाएं और किसी भी नकारात्मक माहौल का जवाब तथ्यों के साथ दें। उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियों को सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाए। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने अनुसूचित जनजाति वर्ग को सामाजिक समरसता के जरिए जोड़ने की कोशिश पर जानकारी दी। अनुसूचित जनजाति की प्रभाव वाली 56 सीटों पर संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा ने प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्रचारित करें।

### अचानक निकला सांप, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

शिविर के दौरान एक अप्रत्याशित घटना भी हुई। ग्लेन व्यू होटल, पचमढ़ी में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के पास छह फीट लंबा सांप निकल आया। हालांकि समय पर सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सांप को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। अच्छी बात रही कि किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

### केंद्रीय मंत्री ने कार्यालय प्रबंधन के तरीके बताए

केंद्रीय मंत्री सीआर पाटील ने कार्यकर्ताओं को मोबाइल शिष्टाचार और कार्यालय संचालन के तरीके बताए। उन्होंने बताया कि कैसे उनका कार्यालय 100 कर्मचारियों की टीम के साथ पारदर्शिता और समर्पण से काम करता है। उन्होंने कहा कि यदि रात को 11 बजे भी कोई कार्यकर्ता कॉल करता है तो उसे नजरअंदाज न करें, बल्कि यथासंभव जवाब दें।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज समापन सत्र को संबोधित करेंगे



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज शिविर के समापन सत्र में शामिल होंगे। प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। शनिवार को केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया था और पार्टी के जनप्रतिनिधियों को कई नसीहतें दी थीं।

## मुख्यमंत्री ने पुणे में इंद्रायणी नदी घटना पर दुख व्यक्त किया

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुणे के तलेगांव में इंद्रायणी नदी पर स्थित पुल के गिरने से तेज बहाव में पर्यटकों के डूबने की घटना पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजन के साथ हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की है। पुणे के पास तलेगांव में इंद्रायणी नदी पर बना जर्जर पुल ढहने से तेज बहाव में 30 पर्यटकों के डूबने की आशंका है।

## वरिष्ठ पत्रकार श्री बैस के निधन पर शोक जताया

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नया इंडिया समाचार पत्र, भोपाल के स्थानीय संपादक जगदीप सिंह बैस के निधन पर गहन दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. श्री बैस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शोकाकुल परिजन के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। श्री बैस कुछ समय से अस्वस्थ्य थे और उनका उपचार चल रहा था।

## 8 हजार 682 रुपए प्रति क्विंटल की दर से मूंग खरीदेगी सरकार

### 19 से शुरू होगा पंजीयन



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य सरकार मूंग और उड़द को समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए पंजीयन की प्रक्रिया 19 जून से शुरू कर रही है। सरकार द्वारा किसानों से मूंग 8682 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द 7400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य किसानों को उनकी मेहनत का वाजिब मूल्य दिलाना है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार न सिर्फ समर्थन मूल्य पर फसल खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि किसानों को उन्नत बीज, कृषि यंत्र और आधुनिक खेती की जानकारी देने के लिए प्रदेश में कृषि मेलों का आयोजन भी कर रही है। इसके साथ ही किसानों को भविष्य की फसलों के लिए आवश्यक संसाधनों में भी सहायता दी जाएगी। सीएम ने कहा कि सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उन्हें कृषि आधारित उद्योग लगाने में भी सहायता कर रही हैं। प्रदेश सरकार किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 36 जिलों में मई के तीसरे सप्ताह से जून के पहले सप्ताह तक मूंग की कटाई की जाती है, जबकि 13 जिलों में इसी अवधि में उड़द की फसल काटी जाती है। मूंग का संभावित रकबा 14.35 लाख हेक्टेयर है, जिससे करीब 20.23 लाख मीट्रिक टन उत्पादन होने का अनुमान है। वहीं, उड़द का संभावित क्षेत्रफल 0.95 लाख हेक्टेयर है और इससे लगभग 1.24 लाख मीट्रिक टन उत्पादन की संभावना है।

## 32 लाख श्रमिकों को मिला रोजगार 15 सौ करोड़ की मजदूरी का भुगतान

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गरीब, महिला, किसान और युवाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के विजन को साकार करने के लिये देशभर में अभियान चलाया जा रहा है। राज्य सरकार इस अभियान को मिशन मोड में संचालित कर रही है। प्रदेश में कमजोर वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें मनरेगा योजना गरीबों किसानों और श्रमिकों की आर्थिक समृद्धि का आधार बनी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस योजना के माध्यम से न सिर्फ गरीब, श्रमिकों और किसानों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला रहा है, बल्कि सिंचाई की उपलब्धता भी बन रही है। योजना के अंतर्गत खेत-तालाब, अमृत-सरोवर, कुएं, चेक-डैम, भूमि समतलीकरण, मेड़बंदी, बागवानी, जल निकायों का निर्माण, जीर्णोद्धार और वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण सहित जल संचयन के अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। मनरेगा योजना से जल गंगा संवर्धन अभियान में अब तक प्रदेश के 32 लाख लोगों को रोजगार मिला है। वर्ष 2025-26 में मजदूरों को अब तक लगभग 1500 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में निवासरत लोगों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिले, इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा योजना चलाई जा रही है। मनरेगा योजना में लोगों को स्थानीय स्तर पर 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। प्रदेश में अप्रैल माह से अब तक 22 लाख परिवारों के 32 लाख लोगों को मनरेगा योजना का लाभ मिला है। प्रदेश में बारिश के पानी का बड़े स्तर पर संचयन किया जा सके, लोगों को रोजगार मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश में बड़े स्तर पर जल संरचना के कार्य किए जा रहे है।

## जिला अध्यक्ष चयन के लिए कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे पर्यवेक्षक



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे सृजन अभियान के तहत केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने अब प्रदेश भर में मंडलम, सेक्टर के कार्यकर्ताओं से वन टू वन संवाद शुरू कर दिया है। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं की सामूहिक बैठकें भी की जा रही हैं। इस दौरान जमीन से जुड़े कांग्रेस जिला अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, जन प्रतिनिधि और आमजन से चर्चा की जा रही है। 19 जून से शुरू हुआ यह अभियान 30 जून तक चलेगा।

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी अगले चार दिन तक प्रदेश के अलग-अलग जिलों का दौरा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी उनके साथ रहेंगे। श्री चौधरी 16 जून को सुबह रायसेन जिले के सिलवानी जाएंगे और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिलवानी की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद भोपाल लौटकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में विदिशा पायलट प्रोजेक्ट पर संगठनात्मक बैठक करेंगे। 17 जून को बैतूल जिले के मुलताई विधानसभा के प्रभातपट्टन में संगठन सृजन अभियान की बैठक में भाग लेंगे। फिर आठनेर ब्लॉक के माडवी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इसी दिन हरदा जिले के करताना में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक भी लेंगे। 18 जून को विदिशा जिले के गंजबासौदा में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद भोपाल में संगठनात्मक बैठक में भाग लेंगे। 19 जून को नर्मदापुरम जिले के पिपरिया में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक करेंगे।

### कार्यकर्ता लेंगे जिलाध्यक्ष के बारे में निर्णय : दिव्या

कांग्रेस कमेटी की सचिव राजस्थान की विधायक और ग्रामीण प्रभारी दिव्या मदेरणा का कहना है कि जमीनी कार्यकर्ताओं को आगे लाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का काम पार्टी कर रही है। कार्यकर्ता ही निर्णय लेंगे उन्हें कैसा जिलाध्यक्ष चाहिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान ब्लॉक से लेकर बूथ तक संगठन को जीवंत करेगा। युवा, महिला, दलित, आदिवासी और किसान सहित अन्य वर्गों को संगठन से जोड़ेगा। मदेरणा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गांव और बूथ के हर व्यक्ति के पास जाएगी।

## अब विद्यार्थियों के खाते में आएगी यूनिफॉर्म की राशि

**भोपाल, देशबन्धु।** अब सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म नहीं बांटी जाएगी, बल्कि इसकी राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिपरिषद की अगली बैठक में यह प्रस्ताव लाया जाएगा। स्कूली शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। सरकार की योजना के अनुसार, कक्षा 1 से 8वीं तक पढ़ने वाले लगभग 60 लाख विद्यार्थियों के खातों में 600-600 रुपये भेजे जाएंगे, ताकि वे खुद अपनी 2 जोड़ी यूनिफॉर्म खरीद सकें। यह राशि एकमुश्त तौर पर दी जाएगी सीधे बैंक खातों में पहुंचेगी।

अब तक सरकार द्वारा यूनिफॉर्म स्व-सहायता समूहों के माध्यम से वितरित की जाती थी, लेकिन इन यूनिफॉर्म की गुणवत्ता को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सरकार ने व्यवस्था बदलने का निर्णय लिया है।

## जब पुल जर्जर था तो बंद क्यों नहीं किया गया : दुबे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे ब्रिज हादसे को लेकर सियासत तेज हो गई है। शिवसेना (यूबीटी) ने इसके लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने पूछा कि जब ब्रिज जर्जर था और उसे बंद कर दिया गया था, तो वहां प्रशासन क्यों नहीं था। शिवसेना (यूबीटी) नेता और प्रवक्ता आनंद दुबे ने ब्रिज हादसे के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि पुणे के इंद्रायणी नदी पर बने पुल के गिर जाने से कई लोग बह गए हैं और दो लोगों की मौत हो गई है।

लापता लोगों को बचाने के लिए एनडीआरएफ और पुलिस की टीमें लगी हुई हैं। मगर एक सवाल यह उठता है कि जब ब्रिज जर्जर था और उसे बंद कर दिया गया था तो वहां प्रशासन क्यों नहीं था। वहां पुलिसकर्मी क्यों नहीं थे और उसे बनाया क्यों नहीं गया। क्या जानबूझकर लोगों को वहां इकट्ठा इसलिए किया गया, ताकि वे मर जाएं। क्या यह सब साजिश चल रही है। क्या इसलिए हम सरकार को चुनते हैं। उन्होंने कहा कि हम इस पर राजनीति नहीं करेंगे, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि राज्य में किसी भी पार्टी की सरकार हो और कोई भी प्रशासन क्यों न हो, लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ क्यों। न वायु मार्ग सुरक्षित है, न जलमार्ग सुरक्षित है और न ही हेलीकॉप्टर सुरक्षित है। हमारे देश में सुरक्षित क्या है। बारिश के सीजन में जब लोग नदी किनारे इंजॉय करना चाहते हैं तो उस दौरान उनकी जिंदगी से कौन खेल रहा है।

## अगले साल मार्च तक नक्सलवाद पूरी तरह हो जाएगा मुक्त : शाह



**लखनऊ, देशबन्धु।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भरोसा दिलाया कि अगले साल 31 मार्च तक भारत नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में 60 हजार 244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के मौके पर उन्होंने कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है, और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है।

पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया। शाह ने उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्च, न पर्ची, न शिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिसबल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। शाह ने बताया कि इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती रही थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी पुलिस ने नई बुलंदियों को छूना शुरू किया। उन्होंने कहा कि योगी जी ने औद्योगिक विकास, शिक्षा, कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचा, बिजली और नल से जल जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर एक परिवर्तनकारी युग की शुरुआत की है। शाह ने जोर देकर कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है, और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया।

## बिजली गिरने से किशोर की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** रातीबढ़ इलाके के केकड़िया गांव में एक किशोर पर बिजली गिर गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया हे की वह खेत में मक्का लगाकर घर की तरफ जा रहा था। तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। पुलिस के मुताबिक, विशाल चौहान केकड़िया गांव का रहने वाला था। वह छठवीं कक्षा का छात्र था। वह रविवार दोपहर घर के करीब खेत में मक्का बोने गया था। उसके साथ तीन अन्य दोस्त भी थे। शाम करीब 4:30 बजे काम करने के बाद वह दोस्तों के साथ घर के लिए लौट रहा था। तभी दोस्त उससे कुछ आगे निकल गए। विशाल पीछे अकेला चल रहा था। इसी बीच तेज गरज के साथ बिजली विशाल पर गिर गई। इससे उसकी मौत हो गई, हालांकि तत्काल दोस्त परिजनों को साथ लेकर विशाल के पास पहुंचे और उसे अस्पताल पहुंचाया। लेकिन यहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सुचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुचाया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।


**CHANGE OF NAME**

I , RENUKA MOTHER OF NO - 4585790W RANK LHAV NAME MAHADEVAPPA H CHAVANABHAVI PRESENTLY RESIDING AT VILL - SHIROL , PO - MUDDEBIHAL , TEH - MUDDEBIHAL , DIST - BANGALURU, STATE - KARNATAKA, PIN - 586812 HAVE CHANGED MY NAME FROM RENUKA (OLD NAME) TO RENAVVA HANAMANT CHAVANABHAVI (NEW NAME) VIDE AFFIDAVIT DATED 16/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , PUSHPA IS MOTHER OF ARMY NO -4581262P RANK NK NAME GAJBHIYE PREM KUMAR SHRIRAM SERVING IN 14 MAHAR C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - GHATANJI, POST - GHATANJI , TEH - GHATANJI, DIST - YAVATMAL, STATE - MAHARASHTRA, PIN -445301 HAVE CHANGED MY NAME FROM PUSHPA TO PUSHPA SHRIRAM GAJBHIYE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 16/06/2025 BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , PRIYANKA NARWADE IS LEGALLY WEDDED ARMY NO - 4582543X RANK L/NK NAME NARWADE RAJRATNA SIDDHARTH SERVING IN 15 MAHAR HOME ADDRESS AT POST - CHINCHOLI BORE , TEH - MEHKER , DIST - BULDANA , STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 334401 HAVE CHANGED MY NAME FROM PRIYANKA NARWADE TO PRIYANKA RAJRATNA NARWADE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 16/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , HANAMANT CHAVANABHAVI FATHER OF NO - 4585790W RANK LHAV NAME MAHADEVAPPA H CHAVANABHAVI PRESENTLY RESIDING AT VILL - SHIROL , PO - MUDDEBIHAL , TEH - MUDDEBIHAL , DIST - BANGALURU, STATE - KARNATAKA, PIN - 586812 HAVE CHANGED MY NAME FROM HANAMANT CHAVANABHAVI (OLD NAME ) TO HANAMANT BHIMAPPA CHAVANABHAVI ( NEW NAME ) VIDE AFFIDAVIT DATED 16/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I ,SANDRA ANU RADHA WIFE OF NO - 4580401F RANK HAV NAME RANGA PRASAD SANDRA PRESENTLY RESIDING AT JALLIVANI PULLALA CHERUVU , J. PULLALACHERUVU , PRAKASAM , ANDHRA PRADESH, 523368 HAVE CHANGED MY NAME FROM SANDRA ANU RADHA (OLD NAME ) TO ANURADHA SANDRA ( NEW NAME ) . VIDE AFFIDAVIT DATED 16/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , NEELAMMA WIFE OF NO - 4585790W RANK LHAV NAME MAHADEVAPPA H CHAVANABHAVI PRESENTLY RESIDING AT VILL - SHIROL , PO - MUDDEBIHAL , TEH - MUDDEBIHAL , DIST - BANGALURU, STATE - KARNATAKA, PIN - 586812 HAVE CHANGED MY NAME FROM NEELAMMA (OLD NAME ) TO NEELAMMA MAHADEVAPPA CHAVANABHAVI (NEW NAME ) VIDE AFFIDAVIT 16/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**शपथ पत्र**

मै शपथकर्ता राकेश कुमार गुप्ता पिता स्व. श्री दिनेश कुमार गुप्ता उम्र 48 साल निवासी - वार्ड क 03 रहली तह. रहली जिला सागर म.प्र शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूँ
1. यह कि मौजा ग्राम ढोडा तह. रहली स्थित खसरा नंबर 97 रकवा 2. 9200 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में उमा गुप्ता व राहुल गुप्ता के नाम शामिल शरीक दर्ज है।
2. यह कि उपरोक्त भूमि का वाद व्यवहारवाद सिविल कोर्ट रहली में चल रहा है जिसके क्रय- विक्रय पर स्टे जारी किया गया था।
3. यह कि उपरोक्त भूमि के क्रय-विक्रय का रजिस्टर्ड बैनामा स्वत: शून्य माना जावेगा, उपरोक्त के संबंध में इश्तहार जारी किये जाने हेतु शपथ पत्र पेश कर रहा हू।
स्थान - रहली
दिनॉक- शपथकर्ता

**CHANGE OF NAME**

**I,** Kanija Bhanu (Existing Name of spouse) is legally wedded spouse of No. 14912253 Y Rank EX NK Name Abdul Vahab Presently residing at Lal Kurti Bazar Cantt Sagar M.P. That, I have changed my Name from **Kanija Bhanu to Kanij Fatama** due to tally with Aadhar Card and Other documents. That my date of birth is 15-11-1972 **(**DD /MM/ YYYY) Fifteen Novembey Nineteen Seventy two (In Word). That both Names **Kanija Bhanu and Kanij Fatama** pertain to one and the same person. Vide Affidavit Dated 16/06/2025 Before District Court Sagar M.P.

**CHANGE OF NAME**

I , KAMAL IS MOTHER OF ARMY NO - 4580822K RANK L/NK NAME VINKAR VISHAL TRYAMBAK SERVING IN 7 MAHAR HOME ADDRESS VILL - ANDHERA , POST - ANDHERA, TEH - DEULGAON RAJA , DIST - BULDHANA, STATE - MAHARASHTRA, PIN - 443201 HAVE CHANGED MY NAME FROM KAMAL TO KAMAL TRYAMBAK VINKAR IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 16/06/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

परिशिष्ठ IV (नियम 8(1))
**आधिपत्य सूचना** (अचल संपत्ति हेतु)

**एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
CIN: U67100MH2007PLC174759
**रिटेल केन्द्रीय एवं पंजीकृत कार्यालय :** एडलवाइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुम्बई 400098

जबकि यहाँ उल्लिखित सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन (अधिनियम), 2002 के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (नियम 3) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर दिनांक **21.02.2023** को मांग सूचना जारी की थी जिमसें **1. मेसर्स एमएम रिजनल स्कूल, इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिनिधित्व, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, सागर, मध्य प्रदेश-470001, 2. मेसर्स आशा ज्योति शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति, इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिनिधित्व, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, सागर, मध्य प्रदेश-470001, 3. श्री फहीम दाद खान पिता अलादाद खान एस मकान नंबर 4/73, वार्ड नंबर 01, सदरबाजार, सागर कैंट, सागर मध्य प्रदेश-470001, 4. श्री हाफिज दाद खान पिता अलादाद खान, मकान नंबर 4/73, केंट वार्ड नंबर 04, सदरबाजार, सागर कैंट, सागर, मध्य प्रदेश-470001,** जिसका ऋण खाता क्रमांक **S18BHO-BHO-003021** है, से सूचना में उल्लिखित राशि **रु. 24,58,123/- (रुपये चौबीस लाख अठावन हजार एक सौ तेईस मात्र) दिनांक 13.02.2023 तक बकाया है,** उक्त सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने के लिए कहा।

**मेसर्स वर्थाना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, (जिसे आगे 'VFPL' कहा जाएगा)** ने अधोल्लिखित वित्तीय परिसंपत्तियाँ **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** को **EARC TRUST SC- 467 ट्रस्ट (जिसे आगे 'EARC' कहा जाएगा) के ट्रस्टी** की क्षमता से कार्यरत **असाइनमेंट एग्रीमेंट दिनांक 28 मार्च 2024** के अनुसार सरफासी अधिनियम, 2002 की धारा 5 के तहत एसाइन कर दीं। ईएआरसी असाईनर की भूमिका में आ गया और वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में विचाराधीन प्रतिभूति हितों, गारंटी, रेहनों सहित **VFPL** के सभी अधिकार, हक और हित कर्जदार(रों) द्वारा ली गई वित्तीय सहायता के संबंध में ईएआरसी को निहित हो गए हैं और ईएआरसी प्रत्याभूत लेनदार के रूप में अपने सभी अधिकार प्रयोग करता है।

कर्जदार(रों) द्वारा राशि का भुगतान करने में असफल रहने पर एतदद्वारा कर्जदार(रों) और सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी की क्षमता से अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नीचे वर्णित संपत्ति का **भौतिक कब्जा** दिनांक **13 जून, 2025** को ले लिया है।

कर्जदार(रों) का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है।

विशेष रूप से कर्जदार(रों) और सामान्य रूप में सर्वजन को संपत्ति से कोई लेन-देन न करने के लिए आगाह किया जाता है और संपत्ति का कोई भी लेन-देन ऋण खाता क्रं. **S18BHO-BHO-003021** के अंतर्गत राशि **रु. 24,58,123/- (रुपये चौबीस लाख अठावन हजार एक सौ तेईस मात्र)** और उस पर ब्याज के लिए एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

**सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण**
**अनुसूची संपत्तियां**

संपत्ति के समस्त भाग एवं अंश, प.ह.नं. 66 एवं खसरा नं. 151/17 (माप 2725 वर्गफीट) जो मौजा-मडिया कबुला, गुरु गोविंद सिंह वार्ड 17, सागर में स्थित है तथा **इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं:** पूर्व में 12' रोड़, पश्चिम में महेश यादव का मकान, उत्तर में गुप्ता जी का मकान, दक्षिण में रोड़।

प्राधिकृत अधिकारी
**दिनांक : 13.06.2025** वास्ते एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
**स्थान : मुम्बई** (EARC TRUST SC 467 के ट्रस्टी)

Edelweiss Asset Reconstruction

**कार्यालय नगरपालिका परिषद**
**रहली जिला-सागर (म.प्र.)**
दूरभाष-07585 256335
E-mail-cmorehali@mpurban.gov.in & Website - nagarpalikarehli.com
क्रमांक /452/न.पा./ लो.नि.भा./पी.एम.ए.वाय.-2.0/2025 रहली दिनांक 16.06.2025

**दावा, आपत्ति प्राप्त करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगरपालिका परिषद रहली क्षेत्रांतर्गत वार्ड नंबर 01 से 15 तक में म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) -2.0 बी.एल.सी. घटक के दिनांक 31.05.2025 तक के प्राप्त ऑनलाईन आवेदन (Unified Web Portal) पर 1927 हितग्राहियों का चयन प्रक्रियाधीन हैं। उपरोक्त हितग्राहियों के सबंध में दिनांक **16 जून 2025 से दिनांक 23 जून 2025** को सायं 05.00 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावे, आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि उपरांत किसी भी प्रकार की दाबा, आपत्ति मान्य नहीं होगी दाबा, आपत्ति आमंत्रण की जाने वाले हितग्राहियों की सूची नगरपालिका परिषद रहली, एवं तहसील कार्यालय रहली के आम नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई हैं।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद रहली**

## सार समाचार

### 7 साल से फरार 2 हजार का ईनामी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बड़ागांव थाना पुलिस ने मारपीट के एक मामले में पिछले 7 सालों से फरार चल रहे 2 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बड़ागांव पुलिस ने बताया है कि थाना बड़ागांव क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट के एक मामले में पिछले 7 वर्ष से फरार चल रहे 2 हजार रुपए के इनामी आरोपी शिवलाल आदिवासी को तलाश किया, जो ग्राम परा में मिला। पुलिस टीम ने फरार आरोपी को घेराबंदी कर पकड़कर न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में बड़ागांव थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह वर्मा व पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जेसीबी मशीनों के हवाले हुए मनरेगा के कार्य

# मजदूरों को नहीं मिल रहा गांव में रोजगार, महानगरों की ओर कर रहे पलायन

**बल्देवगढ़, देशबन्धु ।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गुना, गोरा, हीरापुरा खास,फरका पठराई, दुर्गानगर में सरपंच, सचिव और सेक्टर प्रभारी उपयंत्री की मिलीभगत से मनरेगा योजना से बनने वाले खेत तालाबों, फारकुलेशन टैंक , डग् वेल रिचार्ज पिट, डग पॉइंट को रातों-रात मशीनों से खुदे जा रहे हैं। अब फर्जी मजदूरों के नाम मस्टर में हाजिरी भरकर राशि को ठिकाने लगाने का कार्य किया जा रहा है।



कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की प्राथमिकता थी कि मनरेगा योजना से खेत तालाब डगप्वाइंट फारकुलेशन टैंक जंदा से जंदा स्वीकृत हो तो गांव के लोगों को गांव में ही मजदूरी मिल सकेगी। लेकिन कलेक्टर की इस सोच का फायदा सरपंच सचिव ने जमकर उठाया है। मनरेगा योजना से निर्माण कार्य तो स्वीकृत कर लिए लेकिन इनका निर्माण कार्य रातों-रात जेसीबी मशीनों से किया गया है जिसकी शिकायत है ग्रामीणों द्वारा लगातार जनपद से लेकर जिला पंचायत अधिकारियों से की जा रही है लेकिन जिम्मेदार है की कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं।

ग्राम पंचायत गुना निवासी सुरेश यादव रहीश यादव ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच सचिव द्वारा सेक्टर प्रभारी उपयंत्री प्रियंका त्रिपाठी से कमीशन के दम पर मनरेगा योजना से स्वीकृत डग प्वाइंट निर्माण कार्य भतौ पहाड़ी के पास,डग प्वाइंट निर्माण कार्य बाबा के पास, डग पॉइंट उबेर के पास, और खेत तालाब देवीदयाल विश्वकर्मा सहित अन्य निर्माण कार्यों को रात्रि में मशीनों का उपयोग किया गया है और दिन में यह कार्य पूर्णत: बंद रहते है। ग्रामीणों ने बताया कि जेसीबी मशीन से निर्माण कार्य होने से गांव के लोगों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। लोग महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं सरपंच सचिव द्वारा फर्जी मजदूरो के नाम मास्टर जारी का राशि को ठिकाने लगाया जा रहा हैं।

वही ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत गोरा में उपयंत्री प्रियंका त्रिपाठी की मनमानी से मनरेगा योजना से स्वीकृत हितग्राही खेत तालाब चिंतामन अहिरवार, सावित्री जयवर, तुलसी खट्टा, डग बेल रिचार्ज फिट को रात्रि में जेसीबी मशीनों को लगाकर खुदाई कराई गई। मशीनों से कार्य करवाए जाने के कारण मजदूरों को रोजगार नहीं उपलब्ध हो पा रहा है जबकि ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा योजना का उद्देश्य स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराना है। लेकिन ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर मशीनों का उपयोग किया गया है।

ग्राम पंचायत हीरापुर खास में सरपंच रोजगार सहायक द्वारा मनरेगा योजना से स्वीकृत खेत तालाब और डगवेल रिचार्ज फिट को दिनदहाड़े जेसीबी मशीन से खोदा गया है। जो शासन के नियम अनुसार पूर्णता गलत है। फिर भी रोजगार सहायक द्वारा इन कार्यों पर फर्जी लोगों के नाम किया जा रहे हैं ग्रामीणों ने इन कार्यों की शिकायत जनपद सीईओ से की है।

ग्राम पंचायत दुर्गानगर मजदूरों से निर्माण कार्य कराए जाने वाले खेत तालाबों का निर्माण कार्य जेसीबी मशीनों से किया गया है। ग्राम पंचायत दुर्गा नगर में यह भ्रष्टाचार सेक्टर प्रभारी उपयंत्री जितेंद्र तिवारी की मिली भगत से जमकर फल फूल रहा है। वहीं फरका पठराई सरपंच सचिव द्वारा निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

#### इनका कहना है,

इन सभी ग्राम पंचायतो में अगर जेसीबी मशीनों से कार्य किए गए हैं तो जनपद सीईओ से बोलकर जांच करवा लेते हैं जांच के बाद नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी

**भारती देवी मिश्रा, एसडीएम बल्देवगढ़**

### समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा

## पुलिस की कार्यप्रणाली में तत्परता के साथ हो पारदर्शिता



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा आज सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला मुख्यालय स्थित समस्त पुलिस शाखाओं एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त शाखाओं के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यालयीन कार्यप्रणाली में और अधिक पारदर्शिता, तत्परता एवं अद्यतनता सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी शाखा प्रभारियों से उनके विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा यह निर्देशित किया गया कि वे अपनी-अपनी शाखाओं का कार्य नियमित रूप से अपडेट रखें।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों से उनके कार्य क्षेत्र में आने वाली समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कई मुद्दों का मौके पर ही समाधान कर एक समावेशी और उत्तरदायी कार्य प्रणाली को बढ़ावा दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्य में अधिक सजगता और संवेदनशीलता बरतें, जिससे आमजन को त्वरित और प्रभावी सेवा उपलब्ध हो सके।

समीक्षा बैठक में आगामी समय में शाखाओं की कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदमों पर भी चर्चा की गई। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, स्टेनो रत्नेश तिवारी, भगीरथ प्रजापति, मुख्य लिपिक किशन दयाल कुशवाहा, उप निरीक्षक मयंक नगाइच, प्रमोद शर्मा, रामाधार त्रिपाठी, सहायक उपनिरीक्षक उमाकांत तिवारी, माया जैन, लक्ष्मी कड़ा, अंकित खरे, विवेक त्रिपाठी, गौरव घोष, चंद्रभान रायकवार, गीता भट्ट, प्रधान आरक्षक राजेश्वर त्रिपाठी, रानू विश्वकर्मा सहित जिला मुख्यालय के पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खेत में आग, बांगड़ सहित पेड़ पौधे जले, पुलिस से शिकायत



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूनोल में एक किसान के खेत में आग लगने से खेत में लगी बारी बांगड़ व कई पेड़ पौधे जल गए हैं। इस घटना में किसान को आर्थिक नुकसान हो गया। पीड़ित किसान ने पड़ोसी व्यक्ति के खिलाफ पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसकी दिगौड़ा पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

पीड़ित किसान हरनचरन चढ़ार पिता दलीपा चढ़ार निवासी पूनोल ने बताया है कि आज सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे पड़ोसी व्यक्ति गोरेलाल चढ़ार ने अपने खेत में आग लगा दी और इसके बाद उसने आग को नही बुझाया। जिससे वह आग पीड़ित किसान हरचरन के खेत में पहुंच गई और खेत मे लगी बारी बांगड़ जलकर राख हो गए। इसके अलावा खेत पर लगे कई पेड़ पौधे आग लगने से बुरी तरह झुलस गए। पीड़ित किसान ने बताया है कि उसका पड़ोसी गोरेलाल से पुराना विवाद चलता था, इसलिए उसने जानबूझकर आग लगाई है। पीड़ित किसान ने इस घटना की लिखित शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई है।

### कुंडश्वर मंदिर ट्रस्ट चुनाव : कार्यकारिणी सदस्यों की मतगणना जारी, अखिलेश दीक्षित को सबसे ज्यादा 219 वोट



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कुंडेश्वर मंदिर ट्रस्ट के चुनाव में मतगणना सोमवार को जारी है। रविवार को हुए मतदान में कुल 1709 में से 1310 मतदाताओं ने वोट डाला था। सुबह 11 बजे से शुरू हुई। मतगणना में मतपेटी से वोट अलग करने में समय लगने के कारण दोपहर 3 बजे से कार्यकारिणी सदस्यों की गणना शुरू की गई।

चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 6, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए 3, उपाध्यक्ष के लिए 3, सचिव के लिए 4, कोषाध्यक्ष के लिए 3, सह-सचिव के लिए 4, अंकेक्षक पद के लिए 2 और कार्यकारिणी सदस्य के लिए 17 उम्मीदवार मैदान में हैं।

शाम 6-30 बजे तक कार्यकारिणी सदस्यों के चार राउंड की गणना पूरी हो चुकी है। प्रत्येक राउंड में 100 वोटों की गिनती की जा रही है। अब तक की गणना में अखिलेश दीक्षित को सर्वाधिक 219 वोट मिले हैं।

## वृद्धजन दुर्व्यवहार दिवस पर न्यायालय परिसर में जागरुकता शिविर आयोजित




**भेरूंदा, देशबन्धु।** प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति नसरुल्लागंज श्रीमती उषा तिवारी के मार्गदर्शन में 15 जून को गायत्री मंदिर स्थित सभाकक्ष में श्रीमती प्रगति मित्रा सनमोरिया जे.एम.एफ.सी. की उपस्थिति विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार दिवस का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में श्रीमती सनमोरिया द्वारा बताया गया कि यह दिवस मनाए जाने का उद्देश्य है कि वृद्धजनों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाना। माता-पिता जब वृद्ध हो जाते हैं तो कुद बच्चे उनको बोझ समझने लगते हैं, माता पिता की सेवा करना बच्चों को खराब लगता है, उनके साथ कुद घरों में शारीरिक, भावनात्मक दुर्व्यवहार आम हो गया है। इन तथ्यों के दृष्टिगत वृद्धजनों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी के साथ पूरी प्रक्रिया भी बताई गई कि वे कैसे अपने अधिकार प्राप्त कर सकते हैं। यह भी बताया गया की यदि कोई बुजुर्ग दुर्व्यवहार से पीड़ित है तो वे पुलिस या 911 पर कॉल करे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वृद्धजन उपस्थित रहे।

## बस के आगे बेबस विद्यार्थी, पीछे लटककर सफर करने मजबूर

**पलेरा, देशबन्धु ।** नगर पलेरा में सरकारी महकमा मासूमों की जान को लेकर गंभीर नहीं है। कुछ ऐसा ही नजारा सोमवार को पलेरा से नौगांव-छतरपुर मार्ग पर चल रही बसों में देखने को मिल रहा है। यहां थाना तिराहे पर बस चालक नियमों को ताक पर रखकर स्कूल जाने वाले बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। इन बसों पर स्कूल के बच्चे लटक कर सफर कर रहे हैं। जबकि कई बार हादसे भी हो चुके हैं । उसके बाद भी स्थानीय प्रशासन ने इसको लेकर सुध नहीं ली है। जिस कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



नागरिकों का कहना है कि रोजाना यह नजारा देखकर साफ पता चल रहा है एक जरा सी चूक इन छात्रों को मौत के मुंह में ले जा सकती है। चंद पैसो के फायदे के लिए बस स्टाफ रोज़ स्कूल के बच्चो को ऐसे ही ढोकर स्कूल ले जाते है।

वही नगर परिषद से लेकर पुलिस विभाग के अधिकारी ऐसे मामलों पर अपनी आंखें मूंदे बैठे है। उनकी आंखें तब ही खुलेंगी जब शायद कोई बड़ा हादसा हो जाएगा।

### चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

## नाबालिग चोर को बाल गृह भेजा

**भेरुंदा, देशबन्धु।** भेरुंदा थाना पुलिस ने चोरी करने वाले बालअपचारी को अभिरक्षा में लेकर बाल न्यायालय पेश कर बाल सुधार गृह भेजा गया है। बाल अपचारी के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी के मामले पंजीबद्ध हैं।



पुलिस के अनुसार फरियादी धर्मेन्द्र पंवार पिता कमल पंवार (25) निवासी बजरंग कुटी भैरुंदा ने थाना आकर जुबानी रिपोर्ट कर बताया की 11 जून को शाम करीब 5.30 बजे उसकी मोटरसाईकल बजाज सीटी 100 कोई अज्ञात चोर मेरी मोटरसाईकल चोरी कर ले गया है। जिसकी कीमत 70 हजार रुपए है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा वाहन चोरी के अपराधों की रोकथाम और चोरी गए वाहन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सुनीता रावत व एसडीओपी विजय अंभोरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भैरूँदा घनश्याम दांगी द्वारा अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु टीम गठित की गयी। अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया एवं मुखबिर सूचना पर शासकीय हॉस्पिटल भैरुंदा रोड पर चोरी की गाड़ी के साथ एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया जिसके द्वारा पूछताछ पर मोटरसाइकिल चोरी करना बताया जिसके कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल कुल कीमती 70,000 रुपए की जप्त की गई।बाल अपचारी को बाल न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे बाल सुधार गृह भेजा गया।

### अंतिम संस्कार करने से इंकार, हंगामा किया

# जेसीबी की बकेट से युवक की मौत, परिजन बोले, हत्या हुई




**खरगापुर, देशबन्धु।** खरगापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रतनगुवां गांव में जेसीबी की बकेट लगने से जितेंद्र आदिवासी की मौत हो गई, वह 22 साल का था। रात को खेत की मेड़ पर सो रहा था। उसी समय संतोष यादव जेसीबी लेकर आया, जेसीबी को बैक करते समय बकेट जितेंद्र के सिर में लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पहले डॉक्टरों से कहा गया कि सांप ने काटा है। बाद में सच्चाई बताई गई।

बताया जा रहा है कि जितेंद्र आदिवासी गांव के नरेंद्र सिंह बुंदेला की जेसीबी पर हेल्पर था, संतोष यादव ड्राइवर था। दोनों रात में काम कर रहे थे। हादसे की जानकारी सुबह परिजन को मिली। उन्होंने अस्पताल में हंगामा किया, बोले- जितेंद्र की हत्या की गई है, पुलिस ने समझाइश दी, फिर दुर्घटना में मौत का मामला दर्ज किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंपा गया। शव लेकर परिजन गांव पहुंचे लेकिन अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। फिर से हत्या का मामला दर्ज करने की मांग करने लगे। पुलिस मौके पर पहुंची, परिजनों और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। एसडीओपी राहुल कटरे ने कहा- परिजन को समझाया जा रहा है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सैण्ट एसआरएस स्कूल के 2 विद्यार्थियों ने पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण की नीट परीक्षा

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** सोमवार को जैसे ही नवीन शिक्षण सत्र के लिए स्कूल खुले ,स्कूल में दो होनहार छात्रों के नीट परीक्षा में चयनित होने की सूचना मिली, जिससे सैण्ट एस.आर.एस. स्कूल में खुशी की लहर बिखर गई। संस्था से 12 वीं पास आउट शिवानी रघुवंशी और यश सोनी ने अच्छी रेंक के साथ नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर शासकीय मेडीकल कालेजों में प्रवेश की पात्रता हासिल की है।



दोनों ही छात्रों के स्कूल पहुंचने पर उनका संस्था परिवार ने जोरदार अभिनंदन किया। शिवानी रघुवंशी जहां किसान नरेश रघुवंशी और सविता रघुवंशी की पुत्री हैं। वहीं यश सोनी शिक्षक राकेश सोनी और रेखा सोनी के पुत्र हैं। मीडिया से बात करते हुए शिवानी और यश सोनी ने अपनी सफलता में माता-पिता के आशीर्वाद एवं संस्था के डायरेक्टर के.एस. यादव, फिजिक्स के व्याख्याता डॉ विजय कुमार जैन, केमेस्ट्री के व्याख्याता डॉ अमर सिंह ठाकुर, बायलॉजी की व्याख्याता हेमलता शर्मा, प्रियंका अग्रवाल, अनुज गुप्ता सर के मार्गदर्शन को श्रेय दिया। शिवानी और यश ने बताया कि वे शासकीय मेडीकल कॉलेजों से एम.बी.बी.एस कर ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने का जज्बा रखते हैं । वे लोगों की चिकित्सा सेवा के जरिए देश सेवा करना चाहते हैं।शिवानी रघुवंशी ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रेंक 49423, ईडब्ल्यूएस रेंक 6071 प्राप्त की है। उन्होंने 720 अंकों में से 502 अंक हासिल कर नीट क्लीयर किया है। इसी तरह यश सोनी को ऑल इंडिया रेंक 32037 एवं ओबीसी रेंक 14814 प्राप्त हुई है। उन्होंने 720 अंकों में से 520 अंक हासिल किए हैं।

संस्था के डायरेक्टर के.एस. यादव ने बताया कि दोनों छात्रों ने नीट परीक्षा पास कर डॉक्टर बनने का सपना पूरा किया है। उनकी सफलता पर पूरी संस्था को गर्व है। दोनों छात्रों के संस्था पहुंचने पर संस्था डायरेक्टर के.एस. यादव, प्रबंधक श्रीमती सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, प्रभारी अनुज गुप्ता, प्रभारी श्रीमती रजनी गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, सुपार्श जैन, डॉ विजय कुमार जैन, सोनू राय, गजेन्द्र सिंह दांगी, विक्रांत सोनी, अजय विश्वकर्मा, दिनकर कद्रे, आकाश साहू, लोकेन्द्र राजपूत, राम नारायण श्रीवास्तव सहित शिक्षक परिवार ने छात्रों का पुष्प माला पहना और मिष्ठान खिला कर अभिनंदन किया।साथ ही सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## सार समाचार

### म.प्र.लघुवेतन कर्मचारी संघ ने किया वृक्षारोपण



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र.लघुवेतन कर्म.संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश के 52 जिलों में एक वृक्ष शर्मा के नाम वृक्षारोपण कर मनाया गया साथ ही समस्त जिला शाखाओ के पदाधिकारीयों ने जन्मदिन की बधाई देकर हार्दिक शुभकामनाऐ दी एवं इस अवसर पर जिला शाखा दमोह द्वारा भी महेन्द्र शर्मा के नाम एक वृक्ष शासकीय उच्च.माध्यमिक विद्यालय सरदार पटेल दमोह में वृक्षारोपण कर जन्मदिन की मंगलमय शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संघ के संरक्षक श्री शेख हनीफ खान सरदार पटेल उच्च.माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य सुलक्ष्ना हजारी बडें बाबू प्रभात सिंह राजपूत वरिष्ठ शिक्षक श्री सीएल माझीं सीबी अहिरवाल शिक्षक बहादुर सिंह ठाकुर जिला सचिव अभिषेक राजपूत कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र अहिरवाल सदन कटारया इमरत अहिरवाल मनोहर अहिरवार हेमलता सेन श्रीमति रीता उपाध्याय एंव समस्त स्टाफप्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप में शामिल होकर वृक्षारोपण कर शर्मा जी को जन्मदिन की बधाई देकर शुभकामनाएं दी।

### नपाध्यक्ष ने किया सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



**रायसेन, देशबन्धु।** नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन द्वारा वार्ड क्रमांक 13 में नागरिकों की समस्या के निराकरण के लिए ग्लोबल पब्लिक स्कूल से रोज वैली स्कूल से गौरा पंथी तक 25.20 लाख रूपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर जमना सेन पूर्व अध्यक्ष नपा, देवेन्द्र यादव पार्षद वार्ड क्रमांक 14, रवि यादव पार्षद वार्ड क्रमांक 3, दीपक थौरात पार्षद वार्ड 4, अशोक सोनी एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वार्ड वासियों द्वारा सड़क निर्माण की सौगात देने के उपलक्ष्य में अध्यक्ष एवं उपस्थितों का पुष्प गुच्छ एवं मालाओं से स्वागत किया गया।

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 30 एकड़ वनभूमि कब्जा मुक्त



**दमोह देशबन्धु।** हटा वनपरिक्षेत्र के रजपुरा वीट के सेमरा गांव में वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध वन अमले ने बड़ी कार्यवाही करते हुए वन क्षेत्र में करीब 30 एकड़ वनभूमि से अतिक्रमण हटाकर कब्जा मुक्त किया। जिला वन मण्डल अधिकारी ईश्वर जरांडे के निर्देशन में हटा वनपरिक्षेत्र अधिकारी ऋषि तिवारी के नेतृत्व में वन अमले ने यंहा करीब बीस साल पुराना अतिक्रमण हटाया, उक्त भूमि पर वन विभाग द्वारा प्लांटेशन किया जाना है लेकिन लगातार अतिक्रमण कार्य में बाधक बन रहा था, जिसके चलते आज कार्यवाही की गई है।

## 4 आरोपियों पर किया 7 हजार का ईनाम घोषित

**दमोह देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 03 प्रकरण में फरार आरोपी, फरार अज्ञात आरोपी, संदेही आरोपी पर 07 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना मड़ियादो के अपराध क्रमांक 51/25 धारा 74, 75, 333, 115 (2), 351 (2) ,3(5) बीएनएस 7/8, 11/12 पाक्सो एक्ट के तहत फरार आरोपी 02 प्रकाश बंसल पिता रज्जू बंसल, राहुल बंसल पिता नन्हें बंसल निवासी सिमरी फतेहपुर थाना मडियादो पर 2500-2500 हजार रूपये इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना मडियादो के अपराध क्रमांक 60/2025 धारा-137 (2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी पर 1000 हजार रूपये, थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 154/2025 धारा-137 (2) बीएनएस के तहत संदेही आरोपी संजय यादव निवासी पडरिया थाना कटंगी पर 1000 हजार रूपये इनाम घोषित किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त मामलों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी आरोपी को दस्तयाब करेगा या करायेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपी, अज्ञात आरोपी एवं संदेही आरोपी की दस्तयाबी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा।

## मलेरिया निरोधक माह के तहत ग्रामों में किया गया कार्यशालाओं का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** जिला मलेरिया अधिकारी यामिनी सिलारपुरिया द्वारा बताया गया कि बरसात के पूर्व लोगों को मलेरिया से बचाव एवं मच्छरों की उत्पत्ति रोकने संबंधित जानकारी का प्रचार प्रसार करने से आगामी समय में मलेरिया के नियंत्रण में काफी सहायता मिलती है इसीलिए माह जून को मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया, बरसात के मौसम में मच्छरों की संख्या में वृद्धि होती है इसीलिए बरसात के पूर्व माह जून को मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जाता है। मलेरिया निरोध माह जून के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दमोह के निर्देशन में जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही जन सामान्य में मलेरिया से बचाव की जानकारी प्रसारित करने हेतु ब्लॉक स्तर से लेकर ग्रामीण स्तर तक एडवोकेसी कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभी तक दमोह शहर के सिविल वार्ड 2, बजरिया वार्ड 6, मागंज वार्ड 6 बटियागढ़ ब्लॉक के ऐरोरा, धौराज, हटा ब्लॉक के निमरमुंडा, मोहरई, हिनौता, देवरी, पटेरा ब्लॉक के पटेरा, बमनपुरा, महूना, हिंडोरिया ब्लॉक के बांदकपुर, हथनी, जबेरा ब्लॉक के जबेरा, वार्ड नंबर 10, कोंरता, तेंदूखेड़ा ब्लॉक के तेजगढ़, पथरिया ब्लॉक के पथरिया, नरसिंहगढ़ आदि ग्रामों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें लोगों को मलेरिया से बचाव संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## होटल, रेस्टोरेंट, फालूदा, आइसक्रीम एवं चाट की दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने कार्यवाही करते हुये मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी के माध्यम से शहर के होटल, रेस्टोरेंट, फालूदा, आइसक्रीम एवं चाट की दुकानों औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण की कार्यवाही में कोतवाली रोड पर श्रीराम चाट सेंटर, सांवरिया कुल्फी आइसक्रीम, जबलपुर नाका स्थित सोनम रेस्टोरेंट, श्रीराम रेस्टोरेंट एवं पूजा रेस्टोरेंट का निरीक्षण करके मोबाइल फूड टेस्टिंग लैबोरेटरी की सहायता से दूध, दही, खोवा, लस्सी, मिठाई, फालूदा एवं चाट मटर मसाला की ऑन द स्पॉट गुणवत्ता जांच की गई। जबलपुर नाका स्थित पूजा रेस्टोरेंट में दूषित मिठाइयां की 11.3 किलो मात्रा बाजार मूल्य 2712 रुपये का मौके पर विनष्टीकरण किया गया है। मौके पर सभी दुकानदारों को दूषित एवं असुरक्षित खाद्य सामग्री का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय नहीं करने के निर्देश दिये। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा कोतवाली रोड एवं जबलपुर नाका क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम एवं सभी दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आज मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी द्वारा विजय नगर, एलोरा कॉलोनी में फूड सेफ्टी जागरूकता, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ऑन द स्पॉट फूड टेस्टिंग कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

## विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष पी.सी. गुप्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यहार जागरूकता दिवस पर वृद्धाश्रम दमोह में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

उक्त शिविर में सिविल जज/सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, वृद्धाश्रम प्रबंधक वीरेन्द्र असाटी एवं वृद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में एकाकी परिवार के प्रचलन से वृद्धों के प्रति आचरण व व्यवहार में अत्याधिक बदलाव आ गया है।

जिससे परिवार के वृद्धजनों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है जबकि वह परिवार व समाज की धरोहर होते हैं। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस का उद्देश्य ना सिर्फ वृद्धजनों के साथ हो रहे दूर्व्यवहार की ओर ध्यान केंद्रित करना वरन इसे रोकने के लिए आमजन को प्रेरित व जागरूक करना भी है। बुजुर्गों को विधिक अधिकार व भरण-पोषण के अधिनियम से भी अवगत कराया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, ने नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सहायता) योजना, नालसा हेल्पलाईन 15100, माता पिता व वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण अधिनियम इत्यादि विषय पर जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रबंधक वीरेन्द्र असाटी एवं वृद्धजन उपस्थित रहे।

# बाढ़ आपदा प्रबंधन को लेकर हुई बैठक



**दमोह देशबन्धु।** एस.डी.एम हटा राकेश सिंह मरकाम की अध्यक्षता में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)हटा के सभाकक्ष में बाढ़ आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न हुई बैठक में बाढ़ आपदा संवेदनशील क्षेत्रों का आंकलन करते हुए वर्षाकाल के दौरान बाढ़ आपदा के नियंत्रण के संबंध में चर्चा की गई, पिछले वर्षों के अनुभव साझा हुए और प्रभावी नियंत्रण के संबंध में विभिन्न सुझाव लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। बैठक में एस.डी.ओ.पी प्रशांत सिंह सुमन, तहसीलदार हटा प्रवीण त्रिपाठी, तहसीलदार पटेरा शिवराम चढ़ार, सभी सीईओ जनपद, सी.एम.ओ नगर पालिका, स्वास्थ्य, विद्युत मंडल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारी/ कर्मचारी सभाकक्ष में उपस्थित थे।सभी निकायों को एक सप्ताह के अंदर सभी नालों को साफ करने, जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। जर्जर भवनों का चिन्हांकन कर उन्हें ढहाने अथवा अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नोटिस जारी करने के लिए भी निर्देशित किया है। आपदा संवेदनशील क्षेत्रों का आंकलन कर बाढ़ उन्मुख क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है।

बाढ़ के इतिहास एवं वर्तमान स्थितियों के दृष्टिगत बाढ़ आपदा नियंत्रण के लिये संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि इस दिशा में समय के पूर्व सक्रियता से कार्य करें ताकि किसी प्रकार की अवांछित परिस्थितियां उत्पन्न नहीं हो। अत्यधिक वर्षा और जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होना बाढ़ के प्रमुख कारणों में से है। इस संबंध में निर्देश दिये गये कि ऐसी नदियां जिनमें जल स्तर बढ़ने पर बाढ़ आती है या बाढ़ की संभावना रहती है, तो इसकी पूर्व से ही चेतावनी जारी करने के साथ ही खतरे के जल स्तर का चिन्हांकन कर बाढ़ आपदा नियंत्रण में लगे कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें। साथ ही बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष तैयार करने, जल निकास के लिये नालियों की बारिश पूर्व सफाई, नाला के किनारे अतिक्रमण हटाने, बड़े बांधो और तालाबों के तटबंधों का सुदृढ़ीकरण करने, बाढ़ की पूर्व सूचना की व्यवस्था करने और आपातकालीन कार्यवाही के लिये आवश्यक सेवाओं के रख-रखाव, समन्वय, आवश्यक वस्तुओं का भंडारण, दवाई व चिकित्सक दल, पशु चिकित्सा सेवायें, स्वास्थ्य व स्वच्छता, पेयजल, अस्थायी शिविर, अतिरिक्त खाद्यान्न की व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे संवेदनशीलता के साथ इस दिशा में कार्य करें।

## भ्रष्टाचार को लेकर जंप उपाध्यक्ष और सदस्य ने सौंपा ज्ञापन

**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** भगवती मानव कल्याण संगठन के पदाधिकारियों द्वारा जिला सीईओ को ग्राम पंचायत मौसीपुरा में लगभग 40 के भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए ज्ञापन सौंपा। जिसमें जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह जनपद सदस्य प्रति मौसीपुरा भुजवल सिंह ,उपसरपंच मौसीपुरा मलखान सिंह ने जिला पंचायत कार्यालय जाकर मौसीपुरा पंचायत में जो फर्जी रूप से राशि का गवन किया है उसकी कार्रवाई हेतु जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन दिया ज्ञापन में बताया गया की ग्राम लल्लूपुरा में 2 साल पहले 12 लाख 40 हजार रुपए निकालिए गए लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ इसी तरह ग्राम मौसीपुरा में बाउंड्री वाल के नाम पर 7.30 लाख रुपए निकाल लिए कोई कार्य नहीं हुआ यहां तक की ग्राम मौसीपुरा में नल जल मिशन के द्वारा बनाई गई सीसी रोड को पंचायत की सीसी बात कर राशि निकाल ली गई चार लाख 21 हजार एवं अन्य कार्य जैसे नाड़ेप सोक्ता गड्ढा इसमें भी 300000 निकाल लिए गए कोई काम नहीं हुआ




इसी तरह मनरेगा की कामों में भी भ्रष्टाचार हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत में पांच कपिलधारा कुंओ के पास पांच रिचार्ज पि ट फर्जी मास्टर डालकर राशि निकाली जा रही है यहां तक के हीरा सिंह लोधी बल्द भोपाल सिंह का कपिलधारा कुआ धरातल पर है ही नहीं वहां पर रिचार्ज फिट बना दिया गया अर्थात कपिलधारा कुआ भी फर्जी बनाया और रिचार्ज पिट फर्जी बनाए जा रहे हैं जिला पंचायत सीईओ महोदय से हम सभी मांग करते हैं की जिला स्तरीय एक टीम बनाकर के ग्राम पंचायत मौसीपुरा के समस्त कार्यों की जांच की जाए दोषी सरपंच एवं सचिव लक्ष्मण सिंह पर कड़ी कार्रवाई करते हुए बर्खास्त किया जाए और जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी शउनकी भी लिप्तता इसमें दिख रही है उन पर भी कार्रवाई की जाए।

## राजू नामदेव का भव्य स्वागत



**दमोह देशबन्धु।** जिला नामदेव समाज द्वारा अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय समाज महासंघ का युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर स्थानीय बेलाताल मंदिर में राजकुमार राजू नामदेव का स्वागत और सम्मान किया गया। समाज के वरिष्ठ जनों चौधरी संतोष नामदेव बिहारी लाल नामदेव नंदकिशोर नामदेव हंसराज नामदेव, श्याम नामदेव नेशनल, इंजीनियर अजय नामदेव, राजकुमार मासाब, जीडी नामदेव ने कहा कि राजकुमार राजू नामदेव को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद नियुक्ति दमोह और प्रदेश की नामदेव समाज के लिए एक सुनहरा अवसर हैं इससे समाज में जागरूकता बढ़ेगी और राष्ट्रीय मंच पर दमोह की बात पहुंचेगी। युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू नामदेव ने कहा कि मुझे यह दायित्व मिला है यह संपूर्ण दमोह और प्रदेश की नामदेव समाज की सफलता है मैं अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और लगन से करूँगा आगामी महाराष्ट्र में होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम में बुंदेलखंड और प्रदेश की सामाजिक समस्याओं को रखूगा। स्वागत सम्मान कार्यक्रम में चौधरी संतोष नामदेव बिहारी लाल नामदेव नंदकिशोर नामदेव हंसराज नामदेव, श्याम नामदेव नेशनल, इंजीनियर अजय नामदेव, राजकुमार मासाब, जीडी नामदेव, सचिव बृजेश नामदेव, संदीप नामदेव, संतोष फोटोग्राफर, लकी नामदेव, अजय कटारिया, सूरज नामदेव, नंदू नामदेव, नीरज नामदेव, अनिल नामदेव, अभिषेक नामदेव, कार्तिक नामदेव, सौरभ नामदेव, देवेंद्र नामदेव, ऋषि नामदेव, हर्षत नामदेव, सुरेंद्र नामदेव, रिंकू नामदेव, मुकेश नामदेव, लखन नामदेव, जग्गी नामदेव, राजेश बिंदास, बृजेश ऑटो, देवेश नामदेव, मुन्ना मासाब उपस्थित रहें।

## हिंदी साहित्य सम्मेलन जिला इकाई की कवि गोष्ठी सम्पन्न



**दमोह देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन जिला इकाई दमोह के तत्वावधान में रामकुमार विद्यालय के सभागार में कबीर जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान माला व कवि गोष्ठी सम्पन्न हुई। कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार नारायण सिंह ठाकुर, मुख्य अतिथि वरिष्ठतम साहित्यकार कवि सत्यमोहन वर्मा, विशिष्ट अतिथि डा.आर.एन.चिले रहे। सरस्वती पूजन अर्चन उपरांत इकाई अध्यक्ष रमेश तिवारी ने कालजयी कवित्व के धनद संत कबीर की वाणी को सम्यक दर्शन बताते हुए उनका दोहा- कबिरा हम तुम एक हैं, कहन सुनन को दोय। मन से मन को तोलिए, कबहुँ न दो मन होय।। कहकर व्याख्यान माला का आरंभ किया। डा.चिले ने कहा महात्मा कबीर का समग्र काव्य चिंतन जीवंत होकर सामाजिक उत्थान कारी है और रहेगा ।कबीर ज्ञान मार्गी शाखा के प्रखर कवि थे। जिनका रचना संसार हमारी अनमोल धरोहर है। सत्यमोहन वर्मा ने कहा कि भारतीय दर्शन साहित्य तथा धार्मिक मान्यताओं में कबीर एक ऐसा नाम है जो कभी भी उच्चारित किया जाय तो प्रश्न उठता है किस चिंतन धारा को आत्मसात किया जाय। कबीर वो नाम है जो बहुत छोटी खिड़की से भीड़ को निकलने को कहता है।समाज को खोखला करती हुई मान्यताओं को यदि समूल नष्ट करना है तो कबीर को पढ़ना, जानना और मानना पड़ेगा। समाज के परिष्कार हेतु वे चाहते थे पहला दूसरा तीसरा चौथा कोई न हो और न ही कोई छोटा बड़ा। यदि बड़ा हो तो सबसे बड़ा प्रेम हो। कबीर की वाणी की आज के युग में बहुत जरूरत है। भौतिकवाद, मार्कसवाद और अन्य दर्शन से परे कबीर काष्ढाई अक्षरष्दर्शन है। नारायण सिंह ठाकुर ने कहा कि आज हम कबीर जैसे संतों की वाणी को भूलते जा रहे हैं।मैं निर्विवाद रूप से कहना चाहूँगा कि वर्तमान में भय.लज्जा और जड़ता की जंजीरों में समाज बुरी तरह जकड़ा हुआ है। इससे मुक्ति केवल कबीर का प्रेम दर्शन ही दिलवा सकता है। तदुपरांत अमर सिंह राजपूत, डा.प्रेमलता नीलम,चंद्रा नेमा, प्रौफे. अनिल जैन, मधुलता पाराशर, रामकुमार तिवारी, पी.एस.परिहार पिम्मी, ओजेन्द्र तिवारी, बी.एम.दुबे, नंदकिशोर पाठक, गणेश राय, गोविंद मिश्र, सदन नेमा, आराधना राय, आशीष तंतुवाय कबीर ने रचना पाठ किया। इस अवसर पर रिषी उपाध्याय, राजेश शर्मा आदित्य बजाज लोकेंद्रसिंह की उपस्थिति रही।

## बर्दिया आदर्श प्रजापति समाज की जिला स्तरीय महापंचायत बैठक का सम्पन्न

**दमोह/हटा देशबन्धु।** बर्दिया आदर्श प्रजापति समाज की जिला स्तरीय महापंचायत बैठक का आयोजन रविवार की शाम नरसिंहगढ़ के रामबाग में समाज की वरिष्ठ गनपत प्रजापति गढोला वालों की अध्यक्षता व संभागीय अध्यक्ष मूलचंद प्रजापति जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रजापति के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ समाज के वरिष्ठजनों द्वारा श्री हनुमान जी एवं दक्ष प्रजापति महाराज का पूजन-अर्चन कर किया गया इसके उपरांत बैठक में उपस्थित समस्त लोगों द्वारा समाज में फैली बुराइयों को मिटाने एकजुटता का परिचय दिया वहीं जिले में फुटेरा से माते (मुखिया) के पद पर 12 वर्षों से आसीन हरप्रसाद उर्फ छुट्टू प्रजापति द्वारा समाज के विपरीत कार्य करने व समाज हित में कार्य नहीं किए जाने पर एकत्रित समाज के लोगों द्वारा प्रस्ताव पारित कर पद से मुक्त कर समाज के बुजुर्गों ने एकमत होकर फुटेरा निवासी गुड्डा प्रजापति को माते ( मुखिया ) पद पर नियुक्त किए जाने की घोषणा कर उन्हें माला पहनकर तिलक लगाया। इसके उपरांत नवनियुक्त माते ने समाज के लोगों के समक्ष संकल्प लेते हुए कहा कि हम द्विवेश भावना पक्षपात को छोड़कर सामाजिक में सभी की सहमति से कार्य करेंगे। वही समाज जनों को संबोधित करते हुए पथरिया से अनिल प्रजापति ने कहा कि हमें प्रजापति समाज का मजबूत संगठन बनाना है तब कहीं जाकर समाज विकास की ओर अग्रसित होगा।प्रजापति समाज के ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम प्रजापति ने कहा कि समाज के लिए राजनीति करें समाज में राजनीति न करें। समाज को समाज में ही रहने दो समाज में राजनीति हावी नहीं होनी चहिए। संगठन को मजबूत करने समूचे जिले में गांव गांव दौरा कर सभी को जोड़ने का कार्य किया जाए तो समाज में एकता दिखाई देगी।

# 15 मिनट की बारिश ने खोली तेंदूखेड़ा नगर परिषद की पोल, सड़कों पर कीचड़, जनता परेशान



**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** नगर में सोमवार सुबह हुई 15 मिनट की बारिश ने नगर परिषद की स्वच्छता व्यवस्था की पोल खोल दी। नालियों की सफाई में लापरवाही के चलते गंदा पानी और कीचड़ सड़कों पर बहने लगा, जिससे आवागमन बाधित हुआ और शहरवासियों में आक्रोश फैल गया। यह स्थिति प्रशासन की मानसून पूर्व तैयारियों की कमी को उजागर करती है।

सोमवार सुबह मानसून की पहली बारिश ने तेंदूखेड़ा के सुपर मार्केट, बस स्टैंड क्षेत्र में खकरिया रोड पर जलभराव और गंदगी की समस्या पैदा कर दी। चोक नालियों से गंदा पानी सड़कों पर फैल गया, जिससे पैदल यात्री और वाहन चालक परेशान हुए। वार्ड नंबर आठ में दुकानदार जगविंद ने बताया, "नालियां कचरे और कीचड़ से भरी हैं। बारिश होते ही सारा गंदा पानी सड़कों पर आ गया, जिससे दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया।"

**नगर परिषद पर लापरवाही का आरोप**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद ने मानसून से पहले नालियों की सफाई पर ध्यान नहीं दिया। वार्ड नंबर 8 के एक दुकानदार करण ने कहा, हर साल बारिश में यही हाल होता है। नगर परिषद सिर्फ कागजी दावे करती है, लेकिन सफाई के नाम पर कुछ नहीं होता। हाल ही में शुरू किए गए सफाई अभियान को भी निवासियों ने दिखावटी करार दिया।

**स्वास्थ्य जोखिम और जनता का गुस्सा**

सड़कों पर फैला कीचड़ और गंदा पानी मच्छरों और बीमारियों का कारण बन रहा है। स्थानीय निवासी ने चेतावनी दी कि जलभराव से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। आक्रोशित निवासियों ने पहले भी जबलपुर दमोह मुखमार्ग पर जलभराव के कारण प्रदर्शन किया था जिसके बाद शासन प्रशासन हरकत में आया था अब वार्ड वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई और मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ, तो वे प्रदर्शन करेंगे।

वहीं उपयंत्री भूपेंद्र ने बताया कि बारिश से पहले जबलपुर दमोह मुख्यमार्ग वाले नाले की सफाई शुरू की गई थी, और उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही नालियों की सफाई शुरू की जाएगी।

# मंदिर की जमीनी विवाद को लेकर तनावपूर्ण स्थिति, छावनी में तब्दील खैराई



- कब्जामुक्त कराकर भूमि मंदिर समिति को सौंपी
- मौके पर एसडीएम और एडिशनल एसपी पहुंचकर शांति व्यवस्था का संभाला मोर्चा

**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन थाना क्षेत्र के खैराई गांव में मंदिर की भूमि के कब्जा लेने को लेकर हुई मारपीट की घटना के बाद दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो गई। घटना के बाद गांव को पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुये गांव में एडिशनल एसपी संजीव कुमार पहुंचकर मोर्चा संभाला। जानकारी के अनुसार रविवार शाम को खैराई गांव के बांके विहारी मंदिर मंदिर स्वामित्व की चार एकड़ भूमि पर पिछले कुछ वर्षो से एक समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा कई वर्षो से कब्जा कर खेती करते आ रहे थे। पिछले दिनों भूमि सीमांकन कराया गया था मंदिर भूमि की निकले के बाद जिस पर कब्जाधारियों ने कब्जा छोड़ने को लेकर विरोध आपत्ति जताई गई थी। रविवार को कुछ लोग ट्रेक्टर लेकर जमीन का कब्जा लेने गये थे, वह ट्रेक्टर चलाकर खेत की बखरनी कर रहे थे। उसी दौरान समुदाय विशेष के कुछ लोगो ने उनके साथ मारपीट की घटना कर दी। ट्रेक्टर को बंधक बनाकर रख लिया। घटना की सूचना मिलते आसपास गांव के लोग इकट्ठे हो गये थे। जैसे ही थाना पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर थाना पुलिस बल के साथ पहुंचकर स्थिति को देखते हुये त्वरित कार्यवाही करते हुये दो आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने ले आई थी और बंधक बनाये गये ट्रेक्टर वापिस आरोपियों के पास से उठाकर लेकर आई। पुलिस बल ने गांव में कानून व्यवस्था संभालते हुये लोगो समझाइश दी थी, कोई ऐसा कदम न उठाये जिससे शांति भंग हो। आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। फिलहाल में गांव में रात में शांतिपूर्ण माहौल रहा। अगले दिन सोमवार की सुबह तक घटना की जानकारी आसपास के गांव में फैल गई जहां सुबह से लोग इकट्ठे हो गये। पुलिस स्थिति को भांपते हुये आसपास के पुलिस थानों से पुलिस बुलाई गई, भारी पुलिस बल गांव में पहुंच गया, पुलिस ने गांव को छावनी में तब्दील कर दिया। मौके पर एसडीएम मनोज चौरसिया राजस्व अमले के साथ गांव पहुंचे मौके पर मंदिर की भूमि से कब्जा मुक्त कराई जाने की कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस थाना मालथौन से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी रामप्रताप पिता जीवन सिंह बघेल ने थाना आकर लिखित शिकायत पत्र में बताया आरोपी इमदाद खान और इकरार खान ने खेत में ट्रैक्टर चलाते समय पीछे से हमला कर दिया और गाली गलौज की। जिस पर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया है। पूरे मामले की पुलिस जांच कर गांव में शांति व्यवस्था बनायें हुये हैं। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुये पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने गांव वासियों से चर्चाकर शांतिपूर्ण माहौल बनाने की अपील की। उन्होंने ग्रामवासियों को समझाइश दी शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। वह मंदिर की जमीन है जमीन शासन के अधीन है हम लोगो की देख रेख में रहती हैं।

> बांके विहारी मंदिर की स्वामित्व की भूमि का मामला था। जिसका सीमांकन किया गया था जिसकी चार एकड़ भूमि मंदिर स्वामित्व की निकली थी जिस पर जिस कुछ कब्जा किये हुये जिस पर उनकी आपत्ति, विरोध था। मंदिर समिति कब्जा लेने आई उनके साथ कुछ लोगो द्वारा मारपीट कर दी। समय रहते रेवेन्यू और पुलिस विभाग हरकत में आया स्थिति नियंत्रण पूर्ण है, मंदिर स्वामित्व की भूमि को कब्जा मुक्त कराकर मंदिर समिति को सौंपी जा रही है इस भूमि के कलेक्टर प्रबंधक है।
>
> **-मनोज चौरसिया, एसडीएम**

> मालथौन थाना अंतर्गत खैराई गांव में बांके विहारी मंदिर ट्रस्ट की कुछ जमीन है 9 तारीख को राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन किया गया मंदिर ट्रस्ट की जमीन निकली थी जिसपर दूसरी समाज के लोगो का कब्जा था, इसी को लेकर हिन्दू समाज के कुछ लोग कब्जा लेने और जुताई के लिये गये थे। दो लोगो के साथ मारपीट हो गई थी। जिसको लेकर विवाद की स्थिति थी। फिलहाल गांव शांति का मौहल है ऐसी कोई स्थिति नहीं है। कल की जो मारपीट की घटना थी उसमें रिपोर्ट थाना पर दर्ज हुई थी। दो लोगो को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया था। पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुई थी जल्द ही शेष आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। एसडीएम भी मौके मौजूद है उनके द्वारा कब्जा मुक्त करा दी गई है।
>
> **-डॉ. संजीव कुमार**
> **एडिशनल एसपी सागर**

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को प्राथमिकता से करें निकराकृतः कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कलेक्टर की संदीप जीआर ने नॉन अटेंडेड शिकायतों के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि वे सभी नॉन अटेंडेड शिकायतों को प्राथमिकता के साथ अटेंड कर निराकृत करें। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुये कहा है कि सभी टीएल के प्रकरणों को समय से निराकृत करें तथा संबंधित की पोर्टल पर जानकारी अपलोड करें। सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को स्थापित करें। सभी एसडीएम, नगरीयक निकायों को अधिकारियों के साथ शासकीय एवं निजी भवनों में जाकर रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण करें। निगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि नवीन भवनों के नक्शों को बिना रैनवाटर हार्वेस्टिंग के अनापत्ति न दी जाये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, अति. पुलिस अधी. लोकेश सिन्हा, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, देवेन्द्र प्रताप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपस्थित थे।

## निर्धारित कीमत से अधिक मूल्य पर शराब बेचने पर 17 दुकानदारों पर जुर्माना

**सागर, देशबान्धु।** कलेक्टर संदीप जी आर ने बड़ी कार्यवाही करते हुये एक बार पुनः निर्धारित मूल्य के अधिक मूल्य पर शराब विक्रय करने वाले 17 मदिरा दुकानों पर कार्यवाही करते हुये 29 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर ने शराब खरीदने वालों से अपील की कि शराब खरीदते समय शराब दुकान पर चस्पा किये गये क्यू आर कोड का इस्तेमाल करें और यदि अधिक कीमत वसूली जाती है तो इसकी शिकायत करें। निर्धारित कीमत से अधिक मूल्य वसूलने पर जिला अंतर्गत कम्पोजिट मदिरा दुकानों पर विक्रय संबंधी प्राप्त शिकायतों के संबंध में कलेक्टर के निर्देश पर कीर्ति दुबे, सहायक आयुक्त आबकारी जिला सागर द्वारा जिले अंतर्गत अभियान चलाया जाकर जिले के अधीनस्थ कार्यपालिक आबकारी दल द्वारा जिले अंतर्गत 102 मदिरा दुकानों पर टेस्ट परचेजिंग की कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही दौरान 17 कम्पोजिट मदिरा दुकान क्रमशः गुजराती बाजार, सिविल लाईन, गोपालगंज, तिलकगंज, झांसी बस स्टेण्ड, बहेरिया तिगडडा, कुड़ारी, बीना इटावा, बरौदियाकला, बारधा, गौरझामर, भड़ाना, मोहली, स्टेशन रोड, पटनाबुजुर्ग, पुरव्याऊ, पटकुई, कर्रापुर एवं रौन पर एमआरपी से अधिक मूल्य पर विक्रय संबंधी 17 प्रकरण दर्ज किये जाकर संबंधित लायसेंसी को नोटिस जारी किये गये है। उक्त 19 प्रकरणों में जुर्माना 29,21,289 रूपये है। शराब विक्रय प्रणाली में पादर्शिता के साथ-साथ उपभोक्ताओं को निर्धारित दरों पर ही मदिरा उपलब्ध हो सके, इस हेतु आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की सतत कार्यवाही जारी रखी जावेगी।

## अमरकंटक ट्रेकिंग कैंप में सागर ग्रुप से 4 जूनियर गर्ल्स कैडेट चयन



**सागर, देशबन्धु।** मप्र व छग निदेशालय का ट्रेकिंग कैंप 2025, 17 से 24 जून तक अमरकंटक ट्रेकिंग कैंप में सागर ग्रुप से 7 एमपी गर्ल्स बटालियन की गर्ल्स कैडेट में से 4 जूनियर गर्ल्स कैडेट सांदीपनि शा. म. ल. बा. क.उ. मा. वि. क्रमांक 1 सागर का चयन हुआ। इस 8 दिवसीय ट्रेकिंग कैंप का नेतृत्व सागर ग्रुप से 7 एमपी गर्ल्स बटालियन की एएनओ प्रथम अधिकारी स्मिता मिश्रा कर रही है। ट्रेकिंग के लिये चयनित कैडेट को प्राचार्य विनय दुबे एवं उप प्राचार्य डॉ. वंदना खरे, शिक्षक शीतलचंद जैन, शैलेन्द्र दांगी एंव समस्त स्टॉफ ने शुभकामनायें दी।

## बण्डा पुलिस अनुविभाग में कोबिंग गश्त के दौरान की गई बदमाशों की धरपकड़



**बण्डा, देशबन्धु।** सागर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. संजीव उईके के संयुक्त निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी बण्डा, प्रदीप वाल्मीकि के नेतृत्व में बण्डा पुलिस अनुभाग के थाना, चौकी प्रभारी द्वारा 14 जून की रात्रिकालीन 25 गुंडा, 7 निगरानी बदमाश चेक किये साथ ही 21 गिरफ्तारी वारंट तामिली कार्यवाही की गई, कॉम्बिंग गस्त के दौरान एसडीओपी बण्डा प्रदीप वाल्मीकि द्वारा थाना बंडा, छानबीला एवं थाना शाहगढ का औचक निरीक्षण किया, जिसमे थाना प्रभारी एवं फोर्स को थाना क्षेत्र के सक्रिय बदमाशों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये, एसडीओपी ने अनुभाग के दूरस्थ थाना शाहगढ़ में रात्रि मुकीम किया गया।

## रहली-जबलपुर रोड पर दिखा टाइगर, राहगीरों ने मोबाइल से बनाया वीडियो



**सागर, देशबन्धु।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से निकलकर एक टाइगर रहली-जबलपुर रोड पर मुहली गांव के पास सड़क किनारे घूमता नजर आया। राहगीरों ने उसे देखकर गाड़ी रोक दी और मोबाइल से वीडियो बना लिया। इसी दौरान किसी ने आवाज लगाई तो बाघ दौड़ लगाकर जंगल की ओर चला गया। दरअसल, सोशल मीडिया पर मुहली गांव के पास बाघ के मूवमेंट का वीडियो सामने आया है। बाघ सड़क पार कर जंगल की ओर जाते दिख रहा है। पीछे एक कार रुकी है, जिसमें बैठे लोगों ने बाघ का वीडियो बनाया। बाघ शांत नजर आ रहा था, लेकिन आवाज सुनते ही दौड़कर जंगल में चला गया। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में लगातार बाघों की संख्या बढ़ रही है। हाल ही में बाघिन छ.112 ने चार शावकों को जन्म दिया है। शावक बाघिन के साथ जंगल में घूमते दिख चुके हैं। इसके बाद रिजर्व में बाघों की संख्या 23 से ज्यादा हो गई है। मुहली गांव और आसपास के लोगों का कहना है कि टाइगर रिजर्व के पास बाघों की गतिविधियां अक्सर दिखती हैं।

# बिजली कंपनी के जेई को मारा थप्पड़, कटी लाइन की जांच करने पहुंची थी टीम

## अवैध कनेक्शन से रोकने पर मारपीट



**सागर, देशबन्धु।** गोपालगंज थाना क्षेत्र के तहसीली में कटी लाइन की जांच करने पहुंची बिजली कंपनी की टीम के अधिकारी के साथ मारपीट की गई। मामले में कंपनी के अधिकारी ने गोपालगंज थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। बिजली कंपनी के सहायक अभियंता राजस्व शैलेश सुमन ने बताया सोमवार को टीम के साथ तहसीली क्षेत्र में कटी लाइन की जांच करने गये थे। जहां हिरेंद्र पवार और भरत पवार के नाम पर कनेक्शन लगा है। कनेक्शन चेक करने पर पाया गया कि दोनों मीटर कटे थे। घर के ही अन्य मीटर से लगा था। उससे बिजली का उपयोग कर रहे थे। कनेक्शन जांच करने के दौरान हिरेंद्र पवार ने गाली गलौज शुरू कर दी। उन्हें गालियां देने से मना किया तो गाल पर थप्पड़ मारा। उनके परिवार के राजा ने झूमाझटकी की। विवाद होते देख टीम के अन्य सदस्यों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। मामले में बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने गोपालगंज थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने हिरेंद्र और राजा के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच में लिया है।

# डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलसचिव पर आर्थिक गड़बड़ी का आरोप

## पुलिस अधीक्षक ई.ओ.डब्लू से कार्यवाही करने की मांग को लेकर सौंपा पत्र

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव एवं वर्तमान मे कार्यवाहक कुलसचिव डॉ. सत्यप्रकाश उपाध्याय एक बार फिर विवादों में घिर गये हैं। इस बार उन पर सरकारी दौरे के दौरान फर्जी बिलों के माध्यम से सरकारी कोष से अनाधिकृत रूप से भुगतान लेने का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस अधीक्षक ई.ओ.डब्लू को सौपे गये पत्र के अनुसार डॉ. उपाध्याय ने मार्च 2025 में दिल्ली प्रवास के दौरान एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के रिटायरिंग रूम में रुकने के लिये सिंगल की बजाय डबल रूम का भुगतान सरकारी पैसे से कराया। बिल क्र. 8647 दिनांक 8 मार्च 2025 के अनुसार उन्होंने 6 से 7 मार्च तक डबल रूम रूम नंबर 9 का 3000 और फिर 7 से 8 मार्च तक सिंगल रूम का 2000 भुगतान किया। बिल में सिंगल और डबल के बीच काट छांट स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। रेल टिकटों से यह भी स्पष्ट होता है कि वे राहुल गोस्वामी नामक व्यक्ति के साथ दिल्ली गये और वापसी में सीमा उपाध्याय नामक महिला के साथ लौटे, जो संभवतः उनकी पत्नी हैं। आरोप है कि उन्होंने अपने स्वयं के टीए बिल क्रमांक टीए/09, 13291 रुपये का अप्रूवल भी स्वंय ही किया। इतना ही नहीं अप्रैल 2025 में उन्होंने पुनः दिल्ली यात्रा पर 12561 का खर्च दिखाया जिसमें पुनः सीमा उपाध्याय के नाम की टिकट भी संलग्न है। इस प्रवास में भी उन्होंने रिटायरिंग रूम में डबल रूम रूम नं. 5, बिल क्र. 8687 बुक कराया जबकि दावा था कि वे मीटिंग के लिये अकेले गये थे। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज की रेट नीति के अनुसार सिंगल व्यक्ति के लिये सिंगल चार्ज देय होता है, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि उन्होंने पत्नी को साथ रुकवाकर डबल रूम का भुगतान कराया। गौरतलब है कि इससे पहले भी डॉ. उपाध्याय पर परीक्षा नियंत्रक पद से हटाये जाने जैसे आरोप लग चुके हैं। अब इस नई आर्थिक अनियमितता के उजागर होने पर यह मामला गंभीर रूप से आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है। उक्त कार्यवाही को लेकर एड. प्रीति सिंह शेखावत, डॉ. उमेश सराफ हिन्दू जागरण मंच, अभिषेक नेमा, गनेश सोनी, अमित केशरवानी आदि ने मांग की गई है कि आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, सागर इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कर डॉ. उपाध्याय के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करे।

> प्रभारी कुलसचिव डॉ. उपाध्याय ने बताया कि 07 मार्च को हेफा की मीटिंग हेतु कुलसचिव के साथ इंजी. राहुल गोस्वामी भी दिल्ली गये थे। इसलिये पहले दिन डबल बेड का किराया लगा है। 08 मार्च की दोपहर तक का सिंगल बेड का चार्ज का इसलिये लगा है क्योंकि राहुल गोस्वामी लौट आये थे और डॉ. उपाध्याय अपने पुत्र के आवास पर चले गये और पत्नी के साथ 11 मार्च को वापसी के लिये चले। टिकट केवल डॉ. एसपी उपाध्याय का ही क्लेम किया गया है। 07 अप्रैल को यूजीसी और हेफा प्रकरण में चर्चा हेतु दिल्ली की यात्रा की गई है। इस मीटिंग में विवि वित्ताधिकारी भी गये थे। एक अधिकारिक मीटिंग 09 अप्रैल को भी थी। उस दिन रुकने का क्लेम नहीं किया गया है। वापसी यात्रा 10 अप्रैल की रात को शुरू की गई। इसमें भी केवल स्वयं के टिकट का क्लेम किया गया है। पत्नी की यात्रा और आवास का कोई भी क्लेम कभी नहीं किया गया है। पत्नी हमेशा पुत्र के आवास पर ही रुकती हैं। भारत सरकार के नियमानुसार लेबल 12 एवं 13 अधिकारी को 50 किलोमीटर प्रतिदिन टैक्सी, 1250 प्रतिदिन फूड बिल, 5600 रूपये प्रतिदिन रूम रेंट की पात्रता है। जबकि उनके द्वारा कम खर्च किया गया है। इस तरह के झूठे प्रकरणों के माध्यम से सार्वजनिक तौर पर दुष्प्रचार किया जा रहा है जोकि आधारहीन और मिथ्यापूर्ण है।
>
> **-डॉ. विवेक जायसवाल**
> **मीडिया अधिकारी विश्वविद्यालय**

## पूर्व मंत्री की शिकायत पर आदिवासियों की 91 एकड़ भूमि को साहूकार से मुक्त कराई

**सागर, देशबन्धु।** मालथौन में 35 आदिवासी परिवारों की 91 एकड़ भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने हुई जिला प्रशासन की कार्यवाही पर पूर्व मंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिख कर धन्यवाद व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि गत 11 जून को भूपेन्द्र सिंह ने कलेक्टर संदीप जीआर को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के मालथौन के पटवारी हल्का नंबर 2 में आदिवासी परिवारों की 36.56 हेक्टेयर कृषि भूमि को रानू सिंघई पिता गोकुल चंद सिंघई के अवैध कब्जे से मुक्त कर आदिवासी परिवारों को वापस दिलाया जाये। भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में लिखा है कि आपके द्वारा सुशासन की दिशा में किये जा रहे प्रयासों के अनुरूप मेरी इस शिकायत के आधार पर मालथौन एसडीएम मनोज चौरसिया व तहसीलदार यशोवर्धन सिंह को कार्यवाही के लिये निर्देशित किया था। इन अधिकारियों के नेतृत्व में की गई प्रभावी कार्यवाही में 35 आदिवासी परिवारों को उनकी भूमि पर से कब्जा हटा कर वापस दिलाया गया। लगभग 10 करोड़ रुपये मूल्य की इस कृषि भूमि से अवैध कब्जाधारी रानू सिंघई की फेंसिंग, कृषि उपकरण आदि जब्त किये गये और उस पर थाना मालथौन में आदिवासियों की शिकायत पर चार आपराधिक मामले दर्ज किये गये। पत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये लिखा है कि आपके सुशासन के प्रयासों के कारण 35 आदिवासी परिवारों को न्याय मिल सका इसके लिये आपका हृदय से धन्यवाद करता हूं।

# विद्यालयों में प्रवेश उत्सव शुरुः राजस्व अधिकारी विद्यालयों का करें निरीक्षण, मूलभूत सुविधाओं को कराए सुनिश्चितः कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** मप्र सहित सागर में सोमवार से विद्यालयों में प्रवेश उत्सव शुरू हुआ जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया। विद्यालयों में तिलक लगाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया एवं उनको निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। कलेक्टर ने जिले के समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षा अधिकारियों को बधाई देते हुये कहा कि सभी विद्यालयों में आवश्यक मूलभूत सुविधायें उपलब्ध हैं या नहीं इसकी मॉनीटरिंग सभी एसडीएम, तहसीलदार विद्यालय जाकर करें। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाये कि अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जा चुका है या नहीं। विद्यालय में किसी भी प्रकार की अतिरिक्त पुस्तकों का स्टॉक नहीं होना चाहिये। विद्यालय, आंगनवाड़ी केन्द्रों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जलजीवन मिशन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है कि नहीं इसी प्रकार विद्युत व्यवस्था की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाये। सभी विद्यालय समय पर संचालित हों और समय पर बंद हों, विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों की ई.केवायसी, अपार आईडी, आधार अपग्रेडेशन एवं बैंक खाता अपग्रेड साथ ही सभी विद्यार्थियों की मैपिंग की जानकारी लेकर उसको पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में पौधा रोपण आवश्यक रूप से किया जाये।

## आम खरीद रहे युवक को अज्ञात व्यक्ति ने बांट मारकर किया लहूलुहान

**मालथौन, देशबन्धु।** रविवार को आम खरीद रहे ग्राहक को एक अज्ञात व्यक्ति ने बांट मारकर लहूलुहान कर दिया। थाना से मिली जानकारी के अनुसार मालथौन निवासी फरियादी लखन यादव ने पुलिस थाने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविवार को ओवर ब्रिज के पास फल सब्जी की दुकान से आम खरीद रहे थे तभी एक लाल रंग की मोटरसाईकिल से दो व्यक्ति आकर खड़े होते है बुरा बर्ताव कर, हटने को बोला इसी दौरान बहस हो गई। दुकानदार का बांट उठाकर सिर में मारकर भाग गया। घटना में फरियादी के सिर में चोट आई हैं। अस्पताल में मुलायजा कराया गया। थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

*काव्य संग्रह साथ आपका पाकर पर हुई चर्चा*

# प्रत्येक कविता रचनाकार के सरोकारों की काव्यात्मक अभिव्यक्ति होती है: डॉ. शरद सिंह




**सागर, देशबन्धु।** तुलसी साहित्य अकादमी एवं हिंदी साहित्य भारती संस्था की सहभागिता में लेखिका एवं कवियित्री सुनीला सराफ की काव्य कृति साथ आपका पाकर पर विवेकानंद अकादमी गोपालगंज के सभाकक्ष में विविधतापूर्ण चर्चा हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शरद सिंह ने काव्य सर्जना की प्रक्रिया और उसके महत्व की चर्चा करते हुये कहा कि कविताओं पर चर्चा जरूरी है अन्यथा वे हाशिया में खड़ी रह जाती हैं। प्रत्येक रचनाकार इसी समाज के अनुभवों को जीता है और उन्हें को अपने अंतर्मन में महसूस कर अपने शब्दों में अभिव्यक्ति प्रदान करता है। कवयित्री सुनीला सराफ ने अपने काव्य संग्रह साथ आपका पाकर में अपनी जिन कविताओं को संजोया है, उनमें उनके उन्हीं सरोकारों की रचनायें हैं जिन्हें उन्होंने प्रत्यक्ष या मानसिक रूप से अनुभव किया है इसीलिये इस संग्रह की सभी कवितायें एक आईने की तरह समाज, परिवार और व्यक्ति के चरित्र को उसकी चेष्टाओं को, प्रकृति के साथ उसके तादात्म्य को बखूबी प्रतिबिंबित करती हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद विवि के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. अजय तिवारी ने कहा कि सागर की साहित्यिक संस्थायें श्यामलम् संस्था के मार्गदर्शन में पुस्तक लोकार्पण एवं पुस्तक चर्चा जैसे कार्यक्रम करके साहित्य के उत्थान में निरंतर अपना योगदान दे रही हैं। साहित्य में मेरी भी गहरी रुचि है इसीलिए ऐसे आयोजनों में मैं सदा सहयोग के लिये तत्पर रहता हूं। विशिष्ट अतिथि प्रबुद्ध पाठक मंच के अध्यक्ष साहित्यकार आर के तिवारी ने कहा कि पुस्तकें पाठकों तक पहुंचें तभी लेखन की सार्थकता है। डॉ. हरिसिंह गौर विवि में हिंदी विद्वान डॉ. सुजाता मिश्र ने पुस्तक पर अपने समीक्षात्मक वक्तव्य में पुस्तक की कविताओं को दैनन्दिन जीवन से जोड़ा एवं इन कविताओं की उपयोगिता पर बात रखी। शीर्षक कविता जीवन यात्रा में मिले साथियों और आत्मीयजनों को समर्पित है जिन्होंने उन्हें साहित्य जगत में पुनः सक्रिय होने के लिये प्रेरित किया, यह शीर्षक कविता सागर के साहित्यिक समाज को समर्पित है और इस कविता को पढ़ते हुये मुझे कहीं ये एहसास हुआ कि हम सब एक परिवार ही तो हैं, जितना बेहतरी से हम लोग एक-दूसरे को समझ सकते हैं शायद ही कोई अन्य समझे। स्वागत भाषण अंबिका यादव संस्था अध्यक्ष हिन्दी साहित्य भारती ने दिया। तुलसी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष अरूण कुमार दुबे अरूण ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी तथा इस पुस्तक समीक्षा पर बात रखी। लेखिका सुनीला सर्राफ ने अपनी पुस्तक का मन्तव्य बताया एवं दो कविताओं का पाठ किया। इस अवसर पर चंडीगढ़ से पधारी कुंडलिनी योग विशेषज्ञ अंशिका सराफ गुलाटी ने भी अपनी बात रखी। संचालन मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन सागर के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी ने किया तथा तुलसी साहित्य अकादमी के संचार प्रमुख कवि पुष्पेंद्र दुबे कुमार सागर ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उमाकान्त मिश्र, कपिल बैसाखिया, डॉ. नलिन निर्मल, मुकेश कुमार तिवारी, डॉ. अरविंद गोस्वामी, एम शरीफ, अशोक तिवारी अलख, रमेश दुबे, प्रदीप चौरसिया, माधव चंद्रा आदि उपस्थित थे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।